MAY, 2014



रक्षा लेखा विभाग
**DEFENCE ACCOUNTS DEPARTMENT**

अधीनस्थ लेखा सेवा परीक्षा—भाग II
**S. A. S. EXAMINATION—PART II**

मई/MAY, 2014

प्रश्न पत्र V—व्यावहारिक ( पुस्तकों सहित )
**PAPER V—PRACTICAL (WITH BOOKS)**

विषय : निर्माण कार्य, भंडार तथा आंतरिक लेखापरीक्षा
**SUBJECT : WORKS, STORES AND INTERNAL AUDIT**

अनुमत्य समय/*Time Allowed* : 3 घंटे/*Hours* — अधिकतम अंक/*Max. Marks* : 100

**टिप्पणियां/NOTES :**

1. केवल **दस** प्रश्नों के उत्तर दिए जाने चाहिएं—**पांच** अनुभाग-I और **पांच** अनुभाग-II से । प्रत्येक प्रश्न 10 अंकों के हैं ।
*Only TEN questions should be attempted—FIVE from Section-I and FIVE from Section-II. Each question carries* **10** *marks.*

2. अनुभाग-I सभी के लिए समान है । प्रत्येक प्रश्न में 2 भाग होंगे—एक भाग सैद्धांतिक है जिसके 3 अंक हैं और अन्य भाग व्यावहारिक है जिसके 7 अंक हैं ।
*Section-I is common to ALL. Each question will carry 2 parts—One part theory carrying 3 marks and the other part practical carrying 7 marks.*

3. अनुभाग-II के थलसेना अथवा वायुसेना अथवा नौसेना अथवा फैक्ट्री के भाग से संबंधित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए अनुमत्य अभ्यर्थियों को उप-अनुभाग **क**–थलसेना अथवा **ख**–वायुसेना अथवा **ग**–नौसेना अथवा **घ**–फैक्ट्री से किन्हीं **पांच** प्रश्नों का उत्तर देना है । अनुभाग-II के प्रश्नों का उत्तर एक अलग उत्तर-पुस्तिका में लिखा जाना चाहिए ।
*Candidates permitted to answer questions relating to ARMY or AIR FORCE or NAVY or FACTORY portion of Section-II should answer any FIVE questions from Sub-section A–ARMY or B–AIR FORCE or C–NAVY or D–FACTORY. Answer to the questions to Section-II should be written in a separate Answer Book.*

4. उत्तरों के समर्थन में कारण को अवश्य दिया जाना चाहिए । उत्तर के समर्थन में प्राधिकार को अवश्य ही उद्धृत किया जाना चाहिए ।
*Reason must be given in support of the answers. Authority must be quoted in support of the answers.*

## अनुभाग-I ( निर्माण कार्य लेखा )
## Section-I (Works Accounts)

### ( सभी अभ्यर्थियों के लिए समान )
### (Common for ALL candidates)

1. (क) एम.ई.एस. व्यय को मानीटरिंग करने, नियंत्रण करने और संकलित करने का कार्य किस लेखे के माध्यम से किया जाता है ? उनको परिभाषित करें ।
(a) Monitoring, Control and Compilation of MES Expenditure is done through which Accounts? Define them.
(3 अंक/*Marks*)

(ख) (i) गैर-सरकारी व्यक्तियों द्वारा किराए एवम् संबद्ध प्रभारों के लिए धनराशि को सीधे कोषागार में अंतरण (रेमिटेड) किस प्रकार की लेखांकन प्रक्रिया के माध्यम से सही लेखा शीर्ष में किया जाएगा ?

(b) (i) The amount remitted by private individuals for rent and allied charges directly into the Treasury will be brought to the correct Head of Account through which type of Accounting process?

(3 अंक/*Marks*)

(ii) सी.डब्ल्यू.ई. ने स्वयं ही रुपये 7,500/- के एक अग्रदाय को प्रचालित करने के लिए गैरिसन इंजीनियर को प्राधिकृत कर दिया । क्या यह नियमानुसार है ?

The CWE, on his own, authorized the GE to operate an Imprest of Rs. 7,500/- is it in order ?

(2 अंक/*Marks*)

(iii) इस अग्रदाय को किस प्रकार आहरित किया जाएगा और हिसाब में लिया जाएगा ?

How will this Imprest be drawn and accounted for ?

(2 अंक/*Marks*)

2. (क) एक "गो-एहेड" स्वीकृति किसे कहते हैं ?

(a) What is a "GO-AHEAD" Sanction ?

(3 अंक/*Marks*)

(ख) क्या निम्नलिखित नियमानुसार है ? समुचित प्राधिकार के साथ समर्थन करें :

(b) Are the following in order ? Support with appropriate authority :

(i) जी.ओ.सी-इन-सी रुपये 70.00 लाख के प्राधिकृत निर्माण कार्य और रुपये 12.00 लाख के विशेष कार्य के लिए आवश्यकता की स्वीकृति एवम् प्रशासनिक अनुमोदन प्रदान करता है ।

The GOC-in-C accords Acceptance of Necessity and Adm Approval for Rs. 70.00 Lakhs Authorised work and Rs. 12.00 Lakhs Special Work.

(2.5 अंक/*Marks*)

(ii) एक सक्षम प्राधिकारी रुपये 2.00 करोड़ के सन्निकट (अप्राक्सिमेट) लागत वाली एक अत्यावश्यक परियोजना के लिए स्थल क्लियरेन्स और बाह्य सेवाओं के लिए रुपये 24.00 लाख की लागत हेतु एक 'गो-एहेड' स्वीकृति जारी करता है ।

The Competent Authority issues a Go-Ahead Sanction for a cost of Rs. 24.00 Lakhs for site clearance and external services for an urgent project of appx. cost of 2.00 Crores.

(2.5 अंक/*Marks*)

(iii) एक सी.ई. को एक "अत्यावश्यक निर्माणकार्य" सौंपा जाता है । वह सीमेन्ट और स्टील को खुले बाजार से प्राप्त करता है । क्या यह नियमानुसार है ?

An "Urgent Work" is entrusted to the CE. He procures Cement and Steel from the open market. Is it in order ?

(2 अंक/*Marks*)

3. (क) उन निर्माण कार्य परियोजनाओं के लिए, जहां रक्षा मंत्रालय से आवश्यकता की स्वीकृति तथा प्रशासनिक अनुमोदन अपेक्षित है, वहां विशेष क्रिया विधियों को निर्धारित किया गया है । ऐसे निर्माणकार्यों की श्रेणियों का नाम बताएं ।

(a) For Works Projects requiring the AON & Adm Approval from the MOD, Special procedures are prescribed. Name the categories of such works.

(3 अंक/*Marks*)

(ख) (i) गुवाहाटी में रुपये 5.9 करोड़ की दर से एक निर्माणकार्य के लिए प्रशासनिक अनुमोदन दिनांक 8 जून, 2011 को प्रदान किया गया था । ठेकेदार ने निर्माणकार्य को दिनांक 3 अगस्त 2012 से प्रारंभ करने की प्रार्थना की । रक्षा लेखा नियंत्रण ने इस बात पर बल दिया कि एक ताजा प्रशासनिक अनुमोदन प्राप्त किया जाना चाहिए । टिप्पणी करें ।

(b) (i) The Adm Approval for a work @ Rs. 5.9 Crores in Guwahati was awarded on 8th June, 2011. The Contractor sought to commence work on 3rd August, 2012. The CDA insisted that a fresh Adm Approval should be obtained. Comment.

(3 अंक/*Marks*)

(ii) एक परियोजना के लिए रुपये 63.00 लाख के लिए प्रशासनिक अनुमोदन प्रदान किया गया था । प्रशासनिक कारणों के फलस्वरूप कार्य के क्षेत्र को घटा दिया गया और उसके लिए ठेके को रुपये 45.00 लाख पर स्वीकार किया गया था । रक्षा लेखा नियंत्रक ने इस बात पर बल दिया है कि एक ताजा प्रशासनिक अनुमोदन प्राप्त किया जाना चाहिए । टिप्पणी करें ।
A Project was accorded Adm Approval for Rs. 63.00 Lakhs. The scope of the work was reduced due to administrative reasons and the Contract for the same was accepted at Rs. 45.00 Lakhs. The CDA insisted that a fresh Adm Approval should be obtained. Comment. (4 अंक/*Marks*)

4. (क) लाइसेंस फीस की वसूली का क्या आधार है ? अफसरों/व्यक्तियों की विभिन्न श्रेणियों के लिए लाइसेंस फीस बिलों की सूचना उन्हें किस प्रकार प्रदान की जाती है ?
(a) What is the basis of recovery of Licence Fee ? How are Licence Fee bills for various categories of officers/persons conveyed to them ? (3 अंक/*Marks*)

(ख) (i) एक सीमांत क्षेत्र में एक आवास को "सीमांत कुटीर (हटेड) आवास" के रूप में घोषित किया जाता है । टिप्पणी करें ।
(b) (i) An accommodation in the frontier area is declared as "Frontier Hutted Accommodation." Comment. (2 अंक/*Marks*)

(ii) एक स्थानापन्न पदधारी एक स्थायी पदधारी की छुट्टी/फर्लो अवधि के दौरान आरक्षित आवास को धारण किए हुए है । स्थायी पदधारी से पूरे किराए की वसूली की जाती है । टिप्पणी करें ।
An Officiating incumbent is occupying the Reserved Accommodation during the leave/furlough period of the permanent incumbent. Full rent is recovered from the permanent incumbent. Comment. (2 अंक/*Mark*)

(iii) एक अफसर संक्रियात्मक क्षेत्र में तैनात है । वह अपने परिवार को पुराने ड्यूटी स्टेशन से चयनित स्थान पर तैनाती के चार माह बाद संचलित करता है और साथ ही निःशुल्क वाहन की रियायत का लाभ उठाता है । टिप्पणी करें ।
An Officer is posted to Operational Area. He moves his family from old duty Station to a selected place after 4 months of posting and also avails concession of free conveyance. Comment. (3 अंक/*Mark*)

5. (क) यू.ए.बी.एस.ओ./ए.ए.ओ.बी.एस.ओ. द्वारा रखरखाव किए जा रहे रजिस्टरों का नाम बताएं । इस संबंध में "भवनों का रजिस्टर" की क्या तार्किकता है ?
(a) Name the Registers maintained by the UABSO/AAOBSO. What is the relevance of "Register of Buildings" in this regard ? (3 अंक/*Marks*)

(ख) निम्नलिखित पर टिप्पणी करें :
(b) Comment on the following :

(i) एक यू.ए.बी.एस.ओ. ने एम.सी.ई.एम.ई. पर कैडेटों द्वारा उपयोग के लिए निर्मित स्क्वैश रैकेट कोर्टों पर लाइसेंस फीस अधिरोपित किया है ।
UA BSO imposed Licence Fee on Squash Raquet Courts constructed for use by the Cadets at MCEME. (2 अंक/*Marks*)

(ii) निर्माणकार्य के पूर्ण हो जाने पर फालतू भंडारों को ठेकेदार द्वारा नहीं लौटाया गया था । सी.ई. द्वारा एक दूसरे टेंडर के लिए वही ठेकेदार एक प्रतियोगी बना । टिप्पणी करें ।
On completion of work, the Surplus stores were not returned by the Contractor. The same Contractor competed for another tender by the CE. Comment. (2 अंक/*Marks*)

(iii) एक ठेकेदार का लेजर उन सभी ठेकों का विस्तृत लेखा है जो ठेकेदार के साथ किए जाते हैं और जैसे ही बिल प्रस्तुत किए जाते हैं वैसे ही डेबिटों की प्रविष्टि की जाती है । सही है या गलत ?
A Contractors Ledger is a detailed account of all the contracts which are entered into with the Contractor and debits are posted as soon as the bills are raised. True or false ?

(3 अंक/*Marks*)

6. (क) निर्माण कार्य सेवाओं पर व्यय किए जाने से पूर्व किन शर्तों को निश्चित रूप से संतुष्ट किया जाना चाहिए ?
(a) What conditions should be necessarily satisfied before expenditure is incurred on Works Services. (3 अंक/*Marks*)

(ख) निम्नलिखित पर टिप्पणी करें :
(b) Comment on the following :

(i) एक सी.ई. ने अपने स्तर पर असीमित वर्ग के विश्वसनीय ठेकेदार को बयाना (अर्नेस्ट मनी) और जमानत जमा को जमा करने से छूट दे दी है ।
The CE exempted a reliable Contractor of the unlimited class from depositing Earnest Money and Security Deposit at his level. (2 अंक/*Marks*)

(ii) विद्यमान आधार पर निर्मित भवन का ध्वस्तीकरण और पुनर्निर्माण एक विशिष्ट मरम्मत के रूप में किया गया था ।
Demolition and rebuilding of a building over existing foundation was done as a special repair. (2 अंक/*Marks*)

(iii) ठेका-दस्तावेजों (कांट्रैक्ट डाक्यूमेन्ट्स) में क्या क्या सम्मिलित होना चाहिए और रक्षा लेखा नियंत्रक के कार्यालय में क्या कार्रवाई की जाएगी ?
What should contract documents include and what action will be taken on them in the CDA's Office ? (3 अंक/*Marks*)

7. (क) "ई" अनुभाग में बिलों के संबंध में भुगतानों को कब अनंतिम के रूप में माना जाता है । उन पर किस प्रकार निगरानी रखी जाती है ?
(a) When are payments against Bills in "E" Section treated as provisional ? How are they watched ? (3 अंक/*Marks*)

(ख) (i) एक ठेकेदार को देय धनराशि पर विवाद के मामलें में वह अपने अंतिम बिल को प्रस्तुत करने के लिए मना कर देता है । "ई" अनुभाग द्वारा क्या कार्रवाई की जानी चाहिए ?
(b) (i) In case of a dispute on the amount due to him, a Contractor refuses to submit his Final Bill. What action devolves on the "E" Section ? (2 अंक/*Marks*)

(ii) "ई" अनुभाग का वरिष्ठ लेखा अधिकारी एक विशिष्ट कार्य के बिल की पूर्ण जांच का आदेश देता है । टिप्पणी करें ।
The SAO "E" Section orders a complete check in the Bill of a particular work. Comment. (2 अंक/*Marks*)

(iii) एक नियंत्रक ने प्रभारित व्यय के अधीन आबंटन के अभाव में अनंतिम भुगतान को प्राधिकृत करने के लिए स्वयं के विवेक का उपयोग किया है । टिप्पणी करें ।
A Controller has used his personal discretion to authorize Provisional Payment in the absence of allotment under Charged Expenditure. Comment. (3 अंक/*Marks*)

8. (क) "ई" अनुभाग एम.ई.एस. ठेकों के संशोधनों की समीक्षा करता है । ये संशोधन किस रूप में किए जा सकते हैं और इन्हें किस प्रकार ठेके में सम्मिलित किया जाता है?
(a) "E" Section scrutinizes amendments to MES Contracts. In what form can these amendments be made and how are they included in the Original Contract ? (3 अंक/*Marks*)

(ख) (i) एक जी.ई. द्वारा स्वयं की शक्ति के भीतर स्वीकृत एक ठेके के संशोधन के फलस्वरूप, मूल्य उसकी शक्तियों से परे बढ़ जाता है । औपचारिक संशोधन में क्या सम्मिलित किया जाना चाहिए ?
(b) (i) The amendment of a Contract accepted by the GE within his powers results in enhancing the value beyond his powers. What should be included in the formal amendment ? (3 अंक/*Marks*)

(ii) ठेका दरों की वृद्धि वाले संशोधनों के लिए "ई" अनुभाग द्वारा कौन कौन सी लेखा परीक्षा जांच की जाती है ?
What are the audit checks to be exercised by the "E" Section for amendments involving enhancement of Contract rates ? (4 अंक/*Marks*)

---

## अनुभाग-II ( भंडार लेखा तथा आंतरिक लेखा परीक्षा ) ( क ) थल सेना
## SECTION-II (Store Accounts and Internal Audit) (A) ARMY

### ( वायुसेना, नौसेना तथा फैक्ट्रियों को छोड़कर अन्य अभ्यर्थियों के लिए )
### (FOR CANDIDATES OTHER THAN AIR FORCE, NAVY AND FACTORIES)

1. (क) किस प्रकार की हानियों की जांच पड़ताल के लिए जांच अदालत अपेक्षित है ?
(a) A Court of Inquiry is required for investigation of which type of losses. (3 अंक/*Marks*)

(ख) क्या निम्नलिखित परिस्थितियों के लिए हानि विवरणों का बनाया जाना अपेक्षित है ?
(b) Are loss statements required to be prepared in the following circumstances ?

(i) गोलाबारुद/विस्फोटकों को असेवायोग्य घोषित किया गया है क्योंकि वे अपने निर्धारित समयसीमा पर पहुंच गए हैं ।
Ammunition/explosives are declared as unserviceable as they had reached their prescribed age. (1.5 अंक/*Marks*)

(ii) चिकित्सा भंडारों के एक अनुभाग से दूसरे अनुभाग को अंतरित किए जाने के कारण हुई हानियां ।
Losses due to transfer of Medical Stores from one section to another. (1.5 अंक/*Marks*)

(iii) दोषयुक्त भंडारण के परिणामस्वरूप खराब हो जाने की वजह से आयुध भंडार जारी किए जाने के लिए अनुपयुक्त पाए गए हैं ।
Ordnance Stores are found to be unfit for issue owing to deterioration due to faulty storage. (2 अंक/*Marks*)

(iv) पकाई (सीसनिंग) किए जाने के दौरान काष्ठ का 5% तक छीजन/ग्रेड घटना ।
Wastage/degradation of timber by 5% while undergoing seasoning. (2 अंक/*Marks*)

2. (क) आयुध डिपो सैन्य यूनिटों और फार्मेशनों को ए.ओ.सी. भंडारों की आपूर्ति के लिए उत्तरदायी हैं । उन विभिन्न प्रकार के निर्गमों का उल्लेख करें जिन्हें वे कर सकते हैं ।
(a) Ordnance Depots are responsible for supply of AOC Stores to Military Units and formations. Mention the various types of issues that they can make. (3 अंक/*Marks*)

(ख) समुचित प्राधिकारों के साथ निम्नलिखित पर टिप्पणी करें :
(b) Comment on the following with appropriate authorities :

(i) ए.ओ.सी. सिकन्दराबाद ने 1 जनवरी, 2013 को तिरुपति में एक युनिट को भंडारों को प्रेषित किया जहां वह 3 जनवरी, 2013 को प्राप्त किया गया था । भंडारों को 6 जुलाई, 2013 को वापस प्रेषित किया गया था और उन्हें ए.ओ.सी. सिकन्दराबाद में 9 जुलाई, 2013 को प्राप्त किया गया था । ऋण अवधि की गणना 1 जनवरी, 2013 से 9 जुलाई, 2013 तक की गई थी । टिप्पणी करें ।
AOC Secunderabad dispatched Stores on Jan., 1st, 2013, to a Unit inTirupati where it was received on 3rd Jan., 2013. The Stores were dispatched back on 6th July, 2013 and were received in AOC Sec'bad on 9th July, 2013. The loan period was calculated as 1st Jan. 2013 to 9th July 2013. Comment. (3 अंक/*Marks*)

(ii) उपर्युक्त भंडारों को, जब जुलाई 2013 में लौटाया गया था तो उन्हें "ऋण पर भंडार" क्रियाविधि के अधीन प्रभार पर लिया गया था । क्या यह नियमानुसार है ?
The above Stores, when returned in July 2013, were taken back on charge under the "Stores on Loan" procedure. Is this in order ? (2 अंक/*Marks*)

(iii) भंडारों को परिशिष्ट "I" एस.ए.आई. के अधीन क्रियाविधि के अनुसार "निर्गम वाउचरों" को तैयार करने के पश्चात् एक तकनीकी विकास स्थापना को निर्गमित किया गया था ।
Stores were issued to a Technical Development Establishment after preparing "Issue Vouchers" as per procedure under Appx. "I" SAI. (2 अंक/*Marks*)

3. (क) आप डिफेन्स हेडक्वार्टर जर्नल के संबंध में क्या जानते हैं ?
(a) What do you know about the Defence Head Quarter Journal ? (3 अंक/*Marks*)

(ख) (i) पोतारोहण डिपो चेन्नई में पोत 'ए' पर प्राप्त भंडारों की समेकित सूची में सम्मिलित हैं--कैलिब्रेशन इक्यूपमेंट, राडार स्पेयर्स और विस्फोटक । टिप्पणी करें ।
(b) (i) At Embarkation Depot Chennai, the Consolidated list of the Stores received on Ship 'A' includes Calibration Equipment, Radar Spares and Explosives. Comment. (3 अंक/*Marks*)

(ii) रूस से एक व्यावसायकि पोत पर प्राप्त थल सेना के अभिप्राय के लिए एक खेप में कम पोत लदान का पता चला है । मामले में क्या कार्रवाई की जानी अपेक्षित है ?
A short shipment is discovered in a consignment meant for the Army received on a Commercial Ship from Russia. What action is required to be taken ? (4 अंक/*Marks*)

4. (क) उत्तराखंड में हाल के भूस्खलन के दौरान बचाव और बरामदगी में सरकार की सहायता के लिए सैन्य टुकड़ियां बुलाई गई थीं । इन सहायता कार्यकलापों के दौरान जारी किए भंडारों/किए गए व्ययों के विवरणों को एकत्रित करने के लिए कौन सी क्रियाविधि आवश्यक होगी ?
(a) During a recent landslides in Uttarakhand troops were called in to assist the Govt. in rescue and recovery. What procedure would be necessary to collect details of Stores issued/expenses incurred during these aid activities ? (3 अंक/*Marks*)

(ख) (i) स्थानीय लेखापरीक्षा अधिकारी ने यह पता लगाया कि नियंत्रित मदों और मूल्यवान तथा आकर्षक मदों का स्टाक सत्यापन चिकित्सा भंडार डिपों द्वारा वार्षिक आधार पर किया जा रहा है । टिप्पणी करें ।
(b) (i) The LAO discovered that the Stock taking of Controlled items and Valuable & Attractive items was being done annually by the Medical Stores Depot. Comment. (2 अंक/*Marks*)

(ii) गोलाबारूद डिपों अपना स्टाक सत्यापन जून 2013 में करता है । निरीक्षण अगस्त 2013 में किया गया था । टिप्पणी करें ।
Ammunition Depot conducted its Stock Taking in June 2013. Inspection was held in August 2013. Comment. (2 अंक/*Marks*)

(iii) स्टाक सत्यापन की वे कौन-कौन सी पद्धतियां हैं जिन्हें थलसेना यूनिटों और फार्मेशनों द्वारा अपनाया जाता हैं ?
What are the various methods of Stock Taking that are employed by the Army Units & Formations? (3 अंक/*Marks*)

5. (क) उन कार्यकलापों का नाम बताएं जिन्हें थलसेना यूनिटों के भंडार लेखे की लेखापरीक्षा में सम्मिलित किया जाता है ?
(a) Name the activities which are included in the audit of Store Accounts of Army Units ? (3 अंक/*Marks*)

(ख) (i) उपयोगकर्ता यूनिट 'ए' द्वारा यूनिट 'बी' को भंडारों का अंतरण किया जाता है । यूनिट के पास वाउचर की प्राप्ति की प्रति उपलब्ध नहीं है । एल.ए.ओ. स्टाफ द्वारा क्या कार्रवाई की जानी अपेक्षित है ?
(b) (i) Stores are transferred by Consuming Unit A to Unit B. A recipted copy of the Voucher is not available with the Unit. What will be the action by the LAO Staff ? (4 अंक/*Marks*)

(ii) यूनिट 'ए' यूनिट 'बी' को कुछ भंडारों के निर्गम के 2 माह के भीतर भंग हो गई । इन निर्गमों के लिए प्राप्ति वाउचरों को स्थानीय लेखापरीक्षा किस प्रकार और कब संबद्ध करेगा ?
Unit A was disbanded within 2 months of issuing certain Stores to Unit B. How and when will the Local Audit link the receipted copies for these issues ? (3 अंक/*Marks*)

6. (क) एक व्यय भंडार लेजर किसे कहते हैं ?
(a) What is an Expense Stores Ledger ? (3 अंक/*Marks*)

(ख) (i) उन यात्राओं के संबंध में क्या व्यवहार किया जाएगा जहां की गई ड्यूटी की प्रकृति का कार डायरी में स्पष्ट रूप से उल्लेख नहीं किया गया है ?
(b) (i) What treatment will be given to the journeys against which nature of duty performed has not been clearly specified in the car diary ? (2 अंक/*Marks*)

(ii) सी.ओ. ने वाहन का उपयोग किया है किन्तु कार डायरी पर लेफ्टिनेन्ट कर्नल, एडजुटेंट द्वारा हस्ताक्षर किया गया है । स्थानीय लेखापरीक्षा अधिकारी ने यह कहा है कि इसे विनियमित करने के लिए सी.ओ. का प्रतिहस्ताक्षर प्राप्त किया जाए । स्थानीय लेखापरीक्षा अधिकारी द्वारा की गई कार्रवाई पर टिप्पणी करें ।
The CO has utilized the Vehicle but the Car Diary is signed by the Lt. Col., the Adjutant. The LAO has asked that countersignature of the CO be obtained to regularize this. Comment on the LAOs action. (3 अंक/*Marks*)

(iii) महिला कल्याण कार्यकर्त्ताओं को परिवार कल्याण केन्द्र में जाने के लिए सुख-सुविधा (एमेनिटी) दरों पर जीपों को उपलब्ध कराया गया है । टिप्पणी करें ।
Lady Welfare workers were provided Jeeps at Amenity Rates to visit the Family Welfare Centre. Comment. (2 अंक/*Marks*)

7. (क) एक यूनिट के लेखे के निरीक्षण के दौरान स्थानीय लेखापरीक्षा अधिकारी द्वारा स्थायी अग्रिमों के संबंध में की जाने वाली मुख्य जांच कौन-कौन सी हैं ?
(a) What are the main checks exercised by the LAO w.r.t. the permanent advances while inspecting accounts of a Unit ? (3 अंक/*Marks*)

(ख) निम्नलिखित पर टिप्पणी कीजिए :
(b) Comment on the following :

(i) एक स्थानीय लेखापरीक्षा अधिकारी जिस यूनिट का निरीक्षण कर रहा था उसने उसके एक अग्रदाय के रोकड़ की प्रत्यक्ष गिनती की ।
The LAO did an actual accounting of Cash of an Imprest Account of the Unit he was inspecting. (2 अंक/*Marks*)

(ii) डी.ई.ओ. द्वारा थल सेना कमांडर के अनुमोदन से सैन्य भूमि के एक भाग का विक्रय कर दिया गया था । धनराशि को सैन्य प्राप्य आदेश (एम.आर.ओ.) के माध्यम से लोक निधि में जमा कर दिया गया था और रक्षा लेखा नियंत्रक को मार्क कर दिया गया था ?
A part of military land was sold by the DEO with the approval of the Army Commander, the money deposited in the Public Fund through MRO, and marked to CDA. (3 अंक/*Marks*)

(iii) राष्ट्रीय कैडेट कोर की एक यूनिट के रोकड़ लेखे के विस्तृत मासिक जांच के दौरान स्थानीय लेखापरीक्षा अधिकारी ने राज्य सरकार और भारत सरकार द्वारा वहन किए गए व्यय के ब्योरों का परीक्षण किया ।
The LAO, while doing the detailed month check of the cash Accounts of an NCC Unit examined the details of the expenditure borne by the State Govt. and Govt. of India. (2 अंक/*Marks*)

8. (क) दखल (आकूपेशन) विवरणियों और किराया की वसूली को तैयार करने के लिए कौन सी एजेंसी उत्तरदायी हैं ? प्रक्रिया का संक्षेप में वर्णन करें ।

(a) Which agency is responsible for the preparation of Occupation Returns and Recovery of Rent ? Briefly describe the process. (3 अंक/*Marks*)

(ख) निम्नलिखित पर टिप्पणी करें :

(b) Comment on the following :

(i) एक जूनियर कमीशन अफसर की तैनाती लखनऊ से जयपुर को की गई थी । अपने संचलन (मूव) के समय उसने अपने परिवार के साथ यात्रा की और पहुंचने पर कोई भी आवास उपलब्ध नहीं था ।
A JCO was posted from Lucknow to Jaipur. He travelled with his family at the time of his move and on reaching no accommodation was available. (3 अंक/*Marks*)

(ii) कर्नल 'एक्स' को दो भिन्न स्टेशनों में प्रत्येक पर 5 माह की पदावधियों के दौरान विवाहितों के लिए आवास उपलब्ध नहीं कराया गया था । अब वह एक तीसरे स्टेशन में तैनात है और वह अभी भी प्रतीक्षा सूची में है । उसकी क्या हकदारी है ?
Colonel 'X' was not provided with married accommodation during two tenures of 5 months each at two different Stations. He is now posted to a third Station and is still in the waiting list. What is his entitlement ? (2 अंक/Marks)

(iii) एक 23 वर्षीय अफसर ने विवाहितों के लिए आवास के लिए आवेदन किया है ।
A 23 year old officer has applied for married Accommodation.
(2 अंक/*Marks*)

## अनुभाग-II ( भंडार लेखा तथा आंतरिक लेखा परीक्षा ) ( ख ) वायु सेना
## SECTION-II (Stores Accounts and Internal Audit) (B) AIR FORCE

1. (क) एक मद की स्थानीय एन.आई.वी. संख्या, जिसका उपयोग केवल स्थानीय यूनिट के उद्देश्य के लिए किया जा रहा है, वह वायुसेना मुख्यालय द्वारा आबंटित मद एन.आई.वी. संख्या से किस प्रकार भिन्न है?

(a) How the local NIV no. of an item which are being used for the local unit purpose only differs from the item NIV no. allotted by the Air Hqrs.? (2 अंक/*Marks*)

(ख) किन परिस्थितियों में यूनिट द्वारा एक मद की स्थानीय एन.आई.वी. संख्या का आबंटित करने पर विचार किया जाता है?

(b) In what circumstances an item is considered for allotting the local NIV no. by the unit ? (2अंक/*Marks*)

(ग) वायुसेना यूनिट के एक लेखाकार ने पुनर्भुगतान वाउचर की कीमत का निर्धारण किया और स्थानीय शिविर दर्जी और कैन्टीन ठेकेदारों को निर्गमित किए जाने के लिए प्राधिकृत फुटकर विविध मदों के लिए उस पर वसूली की कार्रवाई प्रारंभ की । स्थानीय लेखापरीक्षा अधिकारी ने इस आधार पर आपत्ति की है कि चूंकि निर्गम भारतीय वायुसेना से बाहर का है, अतः कीमत का निर्धारण और वसूली की कार्रवाई रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक (वायुसेना) द्वारा की जाएगी । इस पर टिप्पणी करें ।

(c) An Air Force unit accountant done the pricing of the repayment voucher and initiated the recovery action thereon for the miscellaneous sundry items authorized to be issued to local camp dhurzis and canteen contractors. The LAO has objected on the ground that since, the issue is out of IAF and thus the pricing and recovery action will be done by the PCDA (AF). Comment on this. (2 अंक/*Marks*)

(घ) किन परिस्थितियों के अधीन एन.आई.वी. संख्या का आबंटन किया जाता है । यह संदर्भ संख्या से किस प्रकार भिन्न है ?

(d) Under which circumstances NIV Number is allotted? How it is different from Reference Number ? (4 अंक/*Marks*)

2. (क) एच.ए.एल. से प्रारंभिक रूप से प्राप्त किए गए वर्ग "ए" और "बी" भंडारों की समीक्षा की क्या आवधिकता है ?

(a) What is the periodicity of review of Class 'A' & 'B' Stores initially procured from the HAL? (2 अंक/*Marks*)

(ख) एक आटोमोबाइल विनिर्माण कंपनी ने पर्याप्त समय पूर्व भारतीय वायुसेना को सूचित किया कि दो वर्षों के पश्चात् एक विशिष्ट एम. टी. वाहन के उपकरण/फालतू मदें उत्पादन से बाहर हो जाएंगी । वायुसेना प्राधिकारी किस प्रकार की समीक्षा करेगा ?

(b) An automobile manufacturing company informed the Indian Air Force well in advance that after two years the components/spares of a particular MT vehicle would be out of production. What type of review the Air Force authority will carry out ? (2 अंक/*Marks*)

(ग) वायुसेना एम.टी. ईंधन के लिए मुहैया कराने वाली एजेंसी का नाम बताएं और यह किस प्रकार किया जाएगा ?

(c) Name the Provisioning Agency for Air Force MT Fuels and how the same will be carried out ? (2 अंक/*Marks*)

(घ) भारतीय वायुसेना द्वारा एम.टी. वाहनों के संबंध में भावी आवश्यकताओं के लिए वार्षिक पूर्वानुमान किसे प्रस्तुत किया जाता है?

(d) To whom the Annual Forecasts of future requirement in respect of MT Vehicles are placed by the Indian Air Force. (2 अंक/*Marks*)

(ङ) जब एक मद जल्दी जल्दी चलन (फास्ट मूविंग) के रूप में पाई जाती है तो किस प्रकार की समीक्षा की जाती है ?

(e) Which type of review is initiated when an item is found to be fast moving ? (2 अंक/*Marks*)

3. (क) 05 वर्षों की अनुमानित जीवनावधि और रुपये 500/- के वोकेबुलरी दर वाली एक मच्छरदानी एक कार्पोरल को निर्गमित की गई थी और 04 वर्षों के बाद वह खोई हुई पाई गई । व्यक्ति से प्रभारित की जाने वाली न्यूनतम आकलित धनराशि कितनी होगी ?

(a) A mosquito net with expected life of 05 years and vocabulary rate of Rs. 500/- was issued to the Corporal and after 04 years it was found lost. What will the minimum assessed amount to be charged against the individual? (3 अंक/*Marks*)

(ख) एम.टी. वाहन की वोकेबुलरी दर रुपये 6.00 लाख है । यह दुर्घटनाग्रस्त हो गया ओर उसे वर्ग V(बी) के रूप में घोषित कर दिया गया था । इस बात को मानते हुए कि कोई भी अर्थदंडात्मक कटौती प्रभारित नहीं की गई है, वाहन का ह्रास मूल्य क्या है ?

(b) The vocabulary rate of MT vehicle is Rs. 6.00 lakhs. The same was met with an accident and declared as Class V(b). What is the depreciated value of the vehicle assuming that no penal deduction is charged ? (3 अंक/*Marks*)

(ग) रुपये 850/- की वोकेबुलरी दर की लागत वाली एक गैर-वस्त्र प्रकार की एक मद जो साक्ष्य के अनुसार हानि से पूर्व व्यक्ति की त्रुटि के कारण फेयर वियर एण्ड टियर के माध्यम से उपयोग में खराब हो गई थी । प्रभारित की जाने वाली धनराशि को ह्रास दर क्या होगी ?

(c) An Article of non-textile nature costing vocabulary rate of Rs. 850/- which as per evidence prior to loss was deteriorated in use through fair wear and tear by the fault of the individual. What will be the depreciated rate of amount to be charged. (2 अंक/*Marks*)

(घ) एक सेवा योग्य गैर-वस्त्र मद की हानि से पूर्व उपस्कर के लेखांकन रिकार्ड में श्रेणीकरण उपलब्ध पाया गया था । ऐसी हानि-दर का आकलन किस प्रकार किया जाएगा ?

(d) Prior to loss of a serviceable non-textile article, the categorisation was found available in the accounting records of the equipment. How such loss rate will be assessed ? (2 अंक/*Marks*)

4. निम्नलिखित के लिए किसकी स्वीकृति अपेक्षित है :
Whose sanction is required for the following :

(क) भुगतान दर पर सिविल विभाग को वायुसेना भंडारों की बड़ी संख्या का निर्गम ।

(a) Issue of large number of AF stores to Civil Department on payment basis.

(ख) "एरैन्ड्स आफ मर्सी" के रूप में की गई उड़ाने ।

(b) Flights undertaken as "Errands of Mercy".

(ग) अन्य सेवाओं अथवा रक्षा मंत्रालय के विभागों को भारतीय वायुसेना मौसमविज्ञान उपकरणों को ऋण पर देना ।

(c) Loan of Indian Air Force Meteorological Equipments to other Services or to the Departments of Ministry of Defence.

(घ) वायुसेना की एक यूनिट सीमा सुरक्षा बल को वित्तीय समायोजनों की शर्त के अधीन शस्त्रों और गोलाबारुद निर्गमित करती है ।

(d) One Air Force unit, issues Arms and Ammunition to Border Security Force subject to financial adjustments. (2.5 × 4 = 10 अंक/*Marks*)

5. (क) मौक्सिमम पोटेंशियल स्थापना पर एक संक्षिप्त टिप्पणी लिखें ।

(a) Write a short note on Maximum Potential Establishment. (5 अंक/*Marks*)

(ख) यदि विदेश से प्राप्त की जाने वाली गैर क्षय होने वाली (नान पेरिशेबिल) वर्ग 'ए' और 'बी' भंडारों के लिए एम.पी.ई., 39 माह है, तो डिपो स्तर पर अधिकतम भंडारण स्तर क्या है और अनुमानित प्रापण लीड समय क्या है ?

(b) If the MPE for the class 'A' & 'B' stores of non perishable item to be procured from the foreign is 39 months, then what is the maximum stocking level at Depot level and what is the anticipated procurement lead time ? (3 अंक/*Marks*)

(ग) डी.जी.ओ.एफ. द्वारा आपूर्ति की गई आवर्ती (रिकरिंग) मदों का एम.पी.ई. क्या होगा ?

(c) What will be the MPE of the recurring items supplied by DGOF ? (2 अंक/*Marks*)

6. (क) नगर 'एक्स' के म्युनिसिपल बोर्ड ने म्युनिसिपल क्षेत्र में स्थित वायुसेना यूनिट से संबंधित वायुसेना उपस्कर के लिए चुंगी कर लगाया है । टिप्पणी कीजिए ।

(a) The Municipal Board of city 'X' has levied the Octroi tax for the Air Force equipment related to the Air Force unit located in Municipal Area. Comment. (3 अंक/*Marks*)

(ख) छावनी बोर्ड ने छावनी क्षेत्र में लाए जाने वाले वायुसेना उपस्कर पर चुंगी कर लगाया है । क्या यह नियमानुसार है ?

(b) The Cantonment Board levied Octroi tax on the Air Force Equipment being brought to cantonment area. Is it in order ? (3 अंक/*Marks*)

(ग) उसी वायुसेना स्टेशन में स्क्वैड्रन 'ए' के उपस्करों का भेद स्क्वैड्रन 'बी' से किस प्रकार किया जाता है ?

(c) How the equipments of Squadron 'A' is being distinguished from Squadron 'B' at the same Air Force Station ? (4 अंक/*Marks*)

7. (क) एक वायुसैनिक 03 जनवरी 2014 को 1545 बजे एक अस्पताल में भर्ती हुआ था और उसी दिन 2100 बजे डिस्चार्ज हो गया । वायुसैनिक से अस्पताल में ठहराव की वसूली की गई थी । टिप्पणी करें ।

(a) An airmen was admitted in a hospital at 1545 hrs. on 03rd Jan 2014 and discharged at 2100 hrs on the same day. Hospital stoppage was recovered from the airmen. Comment. (3 अंक/*Marks*)

(ख) एक वायुसैनिक का 06 वर्षीय आश्रित सैन्य अस्पताल में भर्ती हुआ था और उसे वही आहार मान प्रदान किया गया था जो वायुसैनिक के लिए लागू है । टिप्पणी कीजिए ।

(b) Dependent of airmen, aged 06 years was admitted in MH and he/she was given same scale of diet applicable to airmen. Comment. (3 अंक/*Marks*)

(ग) दैनिक वार्ड मांगों (डेली वार्ड रिक्वीजीशन) पर स्थानीय लेखा परीक्षा अधिकारी द्वारा की जाने वाले लेखापरीक्षा जांच का संक्षेप में वर्णन करें ।

(c) Briefly describe the audit checks to be performed by LAO on Daily Ward Requisitions. (4 अंक/*Marks*)

8. (क) वायुसेना मुख्यालय का कौन सा ब्रांच भारतीय वायुसेना के लिए गाइडेड मिसाइलों की प्रापण (प्रोविजनिंग) आवश्यकताओं के लिए उत्तरदायी है ।

(a) Which branch of Air HQrs is responsible for provisioning requirements of Guided Missiles of IAF. (2.5 अंक/*Marks*)

(ख) उन मदों के लिए प्रापण एजेंसी का नाम बताएं जहां आपूर्ति का स्रोत फ्रांस हैं ।

(b) Name the procurement agency for the items wherein the source of supply is from France. (2.5 अंक/*Marks*)

(ग) उपयोगकर्ता यूनिट द्वारा अपेक्षित उपस्कर की तुरंत आवश्यकता को वायुसेनाध्यक्ष द्वारा सीधी खरीद स्वीकृति के अधीन प्राप्त किया गया था । टिप्पणी करें ।

(c) Urgent requirement of equipment required by consumer unit was procured with Direct Purchase Sanction by the CAS. Comment. (2.5 अंक/*Marks*)

(घ) 36 विंग वायुसेना ने स्थानीय खरीद के माध्यम से केन्द्रीय रूप से प्राप्त की गई सामान्यत: उपलब्ध मदों को प्राप्त किया था । टिप्पणी करें ।

(d) 36 Wing AF had procured centrally provisioned commonly available items through Local Purchase. Comment. (2.5 अंक/*Marks*)

6. (क) नगर 'एक्स' के म्युनिसिपल बोर्ड ने म्युनिसिपल क्षेत्र में स्थित वायुसेना यूनिट से संबंधित वायुसेना उपस्कर के लिए चूंगी कर लगाया है । टिप्पणी कीजिए ।

(a) The Municipal Board of city 'X' has levied the Octroi tax for the Air Force equipment related to the Air Force unit located in Municipal Area. Comment. (3 अंक/*Marks*)

(ख) छावनी बोर्ड ने छावनी क्षेत्र में लाए जाने वाले वायुसेना उपस्कर पर चुंगी कर लगाया है । क्या यह नियमानुसार है ?

(b) The Cantonment Board levied Octroi tax on the Air Force Equipment being brought to cantonment area. Is it in order ? (3 अंक/*Marks*)

(ग) उसी वायुसेना स्टेशन में स्क्वैड्रन 'ए' के उपस्करों का भेद स्क्वैड्रन 'बी' से किस प्रकार किया जाता है ?

(c) How the equipments of Squadron 'A' is being distinguished from Squadron 'B' at the same Air Force Station ? (4 अंक/*Marks*)

7. (क) एक वायुसैनिक 03 जनवरी 2014 को 1545 बजे एक अस्पताल में भर्ती हुआ था और उसी दिन 2100 बजे डिस्चार्ज हो गया । वायुसैनिक से अस्पताल में ठहराव की वसूली की गई थी । टिप्पणी करें ।

(a) An airmen was admitted in a hospital at 1545 hrs. on 03rd Jan 2014 and discharged at 2100 hrs on the same day. Hospital stoppage was recovered from the airmen. Comment. (3 अंक/*Marks*)

(ख) एक वायुसैनिक का 06 वर्षीय आश्रित सैन्य अस्पताल में भर्ती हुआ था और उसे वही आहार मान प्रदान किया गया था जो वायुसैनिक के लिए लागू है । टिप्पणी कीजिए ।

(b) Dependent of airmen, aged 06 years was admitted in MH and he/she was given same scale of diet applicable to airmen. Comment. (3 अंक/*Marks*)

(ग) दैनिक वार्ड मांगों (डेली वार्ड रिक्वीजीशन) पर स्थानीय लेखा परीक्षा अधिकारी द्वारा की जाने वाले लेखापरीक्षा जांच का संक्षेप में वर्णन करें ।

(c) Briefly describe the audit checks to be performed by LAO on Daily Ward Requisitions. (4 अंक/*Marks*)

8. (क) वायुसेना मुख्यालय का कौन सा ब्रांच भारतीय वायुसेना के लिए गाइडेड मिसाइलों की प्रापण (प्रोविजनिंग) आवश्यकताओं के लिए उत्तरदायी है ।

(a) Which branch of Air HQrs is responsible for provisioning requirements of Guided Missiles of IAF. (2.5 अंक/*Marks*)

(ख) उन मदों के लिए प्रापण एजेंसी का नाम बताएं जहां आपूर्ति का स्रोत फ्रांस हैं ।

(b) Name the procurement agency for the items wherein the source of supply is from France. (2.5 अंक/*Marks*)

(ग) उपयोगकर्ता यूनिट द्वारा अपेक्षित उपस्कर की तुरंत आवश्यकता को वायुसेनाध्यक्ष द्वारा सीधी खरीद स्वीकृति के अधीन प्राप्त किया गया था । टिप्पणी करें ।

(c) Urgent requirement of equipment required by consumer unit was procured with Direct Purchase Sanction by the CAS. Comment. (2.5 अंक/*Marks*)

(घ) 36 विंग वायुसेना ने स्थानीय खरीद के माध्यम से केन्द्रीय रूप से प्राप्त की गई सामान्यत: उपलब्ध मदों को प्राप्त किया था । टिप्पणी करें ।

(d) 36 Wing AF had procured centrally provisioned commonly available items through Local Purchase. Comment. (2.5 अंक/*Marks*)

## अनुभाग-II ( भंडार लेखा तथा आंतरिक लेखा परीक्षा ) ( ग ) नौसेना
## SECTION-II (Store Accounts and Internal Audit) (C) NAVY

1. (क) एक आपूर्तिकर्ता द्वारा माल की आपूर्ति में देरी किए जाने के क्या कारण हो सकते हैं ?
   (a) What could be the reasons for a supplier to delay supply of goods ? (3 अंक/*Marks*)

   (ख) एक मद की सुपुर्दगी-अवधि समाप्त हो गई है । मांगकर्ता मद के लिए अत्यधिक जोर डाल रहा है । विक्रेता मदों की आपूर्ति किए जाने के लिए 3 माह और की अवधि की प्रार्थना कर रहा है । एक सक्षम प्राधिकारी के रूप में आप उन किन किन बातों पर विचार करेंगे ताकि आप इस निर्णय पर पहुंच सकें कि क्या सुपुर्दगी की अवधि बढ़ाई जाय अथवा नहीं ?
   (b) The delivery period of an item has expired. The indentor is pressing hard for the item. The Vendor is requesting for 3 months more time to supply the item. As the competent authority, what factors will you consider to arrive at a decision as to whether to extend delivery period or not ? (7 अंक/*Marks*)

2. (क) यार्ड सामग्रियां किसे कहते हैं ?
   (a) What are Yard Materials ? (3 अंक/*Marks*)

   (ख) निम्नलिखित आंकड़ों से आप उस एक नौसेना भंडार मद के न्यूनतम स्टाक स्तर (एम.एस.एल) का आकलन करें जो श्रेणी 2 के अधीन आती हैं :
   (b) Calculate the Minimum Stock Level (MSL) of a Naval Store Item that falls under cagetory 2 from the following data :

| वर्ष<br>Year | उपभोग (यूनिटों में)<br>Consumption (In units) |
|---|---|
| 2012-13 | 100 |
| 2011-12 | 120 |
| 2010-11 | 150 |

| श्रेणी<br>Category | सी सी एम<br>(एम.एस.एल. के लिए श्रेणी गुणांक कोएफीशिएन्ट)<br>C C M<br>(Category Cofficient for MSL) |
|---|---|
| 1 | 1.0 |
| 2 | 1.5 |
| 3 | 2.0 |

(7 अंक/*Marks*)

3. (क) रसद भंडारों के संबंध में एक सर्वेक्षण रिपोर्ट किसे कहते हैं ? रिपोर्ट की कितनी प्रतियां तैयार की जाती हैं ?
   (a) What is Survey Report in respect of Victualling Stores ? How many copies of the Report are prepared ? (3 अंक/*Marks*)

   (ख) आप उस एक पोत पर सवार लाजेस्टिक अफसर हैं जो एक बड़ी समुद्री यात्रा पर गया है । अरहर की दाल का निरीक्षण करने के दौरान आप यह पाते हैं कि वह खराब हो गई है । आप यह पूछने के लिए मामले की किसको रिपोर्ट करेंगे और, यदि स्टाक संदूषित (कन्टेमिनेटड) हो गया है, तो क्या कार्रवाई की जानी है ?
   (b) You are the Logistic Officer on board a Ship which has gone on long sailing. While inspecting the stock of Arhar Dal, you find that it has gone bad. Who will you report the matter to and what action is to be taken if the stock is contaminated. (7 अंक/*Marks*)

4. (क) एक नौसेना स्थानीय लेखापरीक्षा अधिकारी रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक (नौसेना) के अवलोकनार्थ एक विशेष रिपोर्ट कब बनाता है ?
   (a) When does a NLAO prepare a Special Report for the perusal of PCDA (Navy). (3 अंक/*Marks*)

(ख) एक पोत 2 माह तक के एक अभ्यास के लिए नौसंचरण करता है और अवधि के दौरान वह अपने रसद भंडारों को मस्टर नहीं करता है । क्या नौसेना स्थानीय लेखापरीक्षा अधिकारी द्वारा अपने अगले दौरे के समय इस पर आपत्ति प्रकट करनी चाहिए ?

(b) A Ship sails for an exercise lasting 2 months and does not muster its victualling stores during the period. Should the NLAO object to this during his next audit ? (7 अंक/*Marks*)

5. (क) भंडारों की हानियों के रजिस्टर में बट्टे खाते डाले गए एक आयातित भंडार की हानि को सम्मिलित करने से पूर्व एक नौसेना स्थानीय लेखापरीक्षा अधिकारी के रूप में आप किन लेखापरीक्षा बिन्दुओं की जांच करेंगे ?

(a) As NLAO, what audit points will you check before including a Loss of Imported Stores written off in the Register of Losses of Stores ? (3 अंक/*Marks*)

(ख) आप (i) रक्षा विभागीय कैन्टीनों, (ii) यूनिट द्वारा चलाई जा रही कैन्टीनों की लेखापरीक्षा करने के दौरान एक नौसेना स्थानीय लेखापरीक्षा अधिकारी के रूप में किन आदेशों/अनुदेशों को देखेंगे ।

(b) As the NLAO, what Orders/Instructions will you consult for carrying out the audit of : (i) Defence Departmental Canteens (ii) Unit Run Canteens. (7 अंक/*Marks*)

6. (क) कम्पोजिट पैक राशनों को कब निर्गमित किया जाता है ?

(a) When are Composite Pack Rations issued ? (3 अंक/*Marks*)

(ख) एक बी.वी.ओ. के रूप में आपने यह पता लगाया है कि बेस रसद यार्ड के साथ रजिस्टर्ड कुछ ठेकेदार टेंडर पूछताछ को कोट नहीं कर रहे हैं, ठेकों का निष्पादन ठीक ढंग से नहीं कर रहे हैं, आदि आदि । वे अवसर कौन कौन से हैं जब रजिस्टर्ड ठेकेदारों को अनुमोदित सूची से हटाया जा सकता है ?

(b) As the BVO, you have found out that some contractors registered with the Base Victualling Yard are not quoting in Tender Enquiries, not executing contracts properly etc. What are the instances wherein Registered Contractors can be removed from the Approved List ? (7 अंक/*Marks*)

7. (क) भंडारों की तात्कालिक (स्नैप) जांच किसे कहते हैं ? क्या एक स्थापना का सी.ओ. तात्कालिक जांच का आदेश दे सकता है ?

(a) What is Snap Check of Stores? Can the C.O. of an establishment order a Snap check? (3 अंक/*Marks*)

(ख) एक पोत के एक लाजिस्टिक अफसर के रूप में यह सुनिश्चित करने के लिए आपकी क्या भूमिका होगी कि आपके पोत से स्थायी भंडारों का अंतरण दूसरे पोत को किया गया है ?

(b) As the Logistics Officer of a Ship, what is your role in ensuring that the transfer of Permanent Stores from your ship to another ship is made. (7 अंक/*Marks*)

8. (क) नौसेना स्थानीय लेखापरीक्षा अधिकारी यह कैसे सुनिश्चित करता है कि उसका स्टाफ नौसेना स्थापना की बही में समुचित क्रेडिट सत्यापन कर रहा है ?

(a) How does the NLAO ensure that his Staff is doing a proper credit verification in the Ledger of the Naval Establishment ? (3 अंक/*Marks*)

(ख) एक वेतन लेखा कार्यालय ने निरीक्षण नोट की परेषिती (कनसाइनी) प्राप्ति प्रति को प्राप्त किए बिना शेष 5% भुगतान बिल का भुगतान कर दिया है । क्या यह सही है ? इस संदर्भ में यह सुनिश्चित करने के लिए रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक (नौसना) और नौसेना स्थानीय लेखापरीक्षा अधिकारी की क्या भूमिका है कि माल परेषिती द्वारा प्राप्त कर लिया गया है ?

(b) A Pay Accounts Officer has paid the balance 5% payment bills without receiving the consignee's receipted copy of Inspection Note. Is this correct ? What is the role of PCDA (Navy) & NLAO to ensure that the goods have been received by the consignee ? (7 अंक/*Marks*)

---

## अनुभाग-II (भंडार लेखा तथा आंतरिक लेखा परीक्षा) (घ) फैक्ट्री
## SECTION-II (Store Accounts and Internal Audit) (D) FACTORY

1. निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणियां लिखिए।
Write short notes on the following :

(क) बकाया परिसंपत्तियों एवं देयताएं
(a) Outstanding Asset & Liabilities

(ख) अनुपस्थिति भुगतान रजिस्टर
(b) Absentee Payment Register

(ग) अपवाद वाउचर।
(c) Except Voucher

(घ) प्रोत्साहन बोनस।
(d) Incentive Bonus

(ङ) मान लेखा परीक्षा।
(e) Scale Audit. (2 × 5 = 10 अंक/*Marks*)

2. (क) प्रधान लेजर (प्रिंसिपल लेजर) के रखरखाव किए जाने का क्या उद्देश्य है ?
(a) What is the objective of maintaining the Principal Ledger ? (6 अंक/*Marks*)

(ख) वार्षिक लेखे के किस विवरण में निम्नलिखित व्यय को दर्शाया जाएगा ?
(b) In which Annual Accounts Statement will the following Expenditure be reflected ?

(i) पुरानी मशीनों के विक्रय पर लाभ
Profit on sale of old Machine

(ii) अधिवर्षिता प्रभार
Superannuation Charges

(iii) भंडारों पर परिवहन प्रभार
Transportation Charges on Stores.

(iv) सरकार को चली गई अदावाकृत मजदूरियां
Unclaimed Wages lapsed to Govt. (1 × 4 = 4 अंक/*Marks*)

3. (क) सिविल व्यापार आदेश किसे कहते हैं ? ऐसे आदेशों के संबंध में न्यूनतम कीमत तथा अधिकतम कीमत को किस प्रकार नियत किया जाता है ?
(a) What is a Civil Trade Order ? How is the Minimum price and Maximum price fixed in respect of a Civil Trade Order ? (4 अंक/*Marks*)

(ख) एक सिविल व्यापार कार्य के लिए निम्नलिखित आंकड़ों से न्यूनतम तथा अधिकतम कीमत की गणना कीजिए ।

(b) Calculate Minimum & Maximum price from the following data for a Civil Trade Order.

| | |
|---|---|
| प्रत्यक्ष सामग्री<br>Direct material | 15,000<br>15,000 |
| प्रत्यक्ष श्रम<br>Direct Labour | 4,000<br>4,000 |
| परिवर्ती उपरिव्यय<br>VOH | प्रत्यक्ष श्रम पर 200 प्रतिशत<br>200% on direct labour |
| स्थिर उपरिव्यय<br>FOH | प्रत्यक्ष श्रम पर 400 प्रतिशत<br>400% on direct labour |
| विशेष पैकिंग<br>Special packing | रुपये 2000/–<br>Rs. 2000/- |

(6 अंक/*Marks*)

4. (क) अद्यतन शक्तियों के प्रत्यायोजन के अनुसार भंडारों को मुहैया कराने के लिए आयुध फैक्ट्रियों में टी.पी.सी. की क्या रचना है और उनको प्रत्यायोजित धनराशि कितनी हैं ?

(a) What are the Constitution of TPCs in Ordnance Factories for procurement of Stores as per the latest delegation of Powers and their delegated amount ? (4 अंक/*Marks*)

(ख) आपूर्ति आदेशों की पश्च लेखापरीक्षा का किया जाना क्यों आवश्यक है ? आपूर्ति आदेशों की पश्च लेखापरीक्षा में देखे जाने वाले मुख्य लेखापरीक्षा बिन्दुओं का उल्लेख करें ।

(b) Why it is necessary to carry out post audit of Supply Orders? Discuss main audit points to be seen in post audit of Supply Orders? (6 अंक/*Marks*)

5. रिक्त स्थान भरें–उत्तर पुस्तिका में सिर्फ खाली स्थान पर आने वाले शब्दों को भरें :

Fill in the blanks—write only the words to be filled in, in the answer books :

(क) कोई भी त्रुटिपूर्ण अथवा अधिशेष सामग्री को स्टोर होल्डर को ...................... (दो प्रतियां) के साथ लौटाया जाएगा ।

(a) Any defective or surplus material will be returned to the store holder accompanied by ................. (in duplicate).

(ख) इंटर फैक्ट्री निर्गम में निर्गम के मामले में वाउचर की ...................... प्रतियां तैयार की जाती हैं ।

(b) In the case of Inter Factory issues .................... copies of issue vouchers are to be prepared.

(ग) बिन कार्ड में शेष का मिलान प्रत्येक समय में ...................... एवं ...................... के साथ होता है ।

(c) The balances in Bin Cards at all time agree with .................. and .................... .

(घ) स्टाक सत्यापन शीट में दर्शायी गई बिन कार्डों के शेष और भंडार लेजर के शेष में विसंगतियां ...................... अथवा ...................... कारण से हो सकती है ।

(d) The discrepencies between the Bin Cards balance and Store Ledger balance is reflected in Stock taking sheet may be due to .................. or .................... .

(ङ) विनिर्माण के संबंध में वर्ष के दौरान किए गए सभी प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष प्रभारों को ...................... के लेखे को डेबिट किया जाता है ।

(e) All charges direct and indirect in connection with the manufacture incurred during the year are debited to the .................. Accounts. (2 × 5 =10 अंक/*Marks*)

6. (क) गारंटी वेतन की अवधारणा को स्पष्ट करें ।
   (a) Explain the concept of Guarantee Pay. (4 अंक/*Marks*)

   (ख) गारंटी वेतन की गणना करते समय किन-किन तत्वों को हिसाब में लिया जाता है ?
   (b) What elements are taken into account while computing Guarantee pay. ? (3 अंक/*Marks*)

   (ग) क्या गारंटी वेतन प्रत्यक्ष श्रम को बुक किया जाता है अथवा स्थिर उपरिशीर्ष प्रभार को बुक किया जाता है ?
   (c) Whether guarantee pay is booked to Direct Labour or fixed overhead charges. (3 अंक/*Marks*)

7. (क) संयंत्र तथा मशीनरी के मूल्य ह्रास को किस प्रकार प्रभारित किया जाता है ? एक साधारण उदाहरण से इसे दर्शाए ।
   (a) How is depreciation of plant and machinery charged ? Show it with a simple example. (5 अंक/*Marks*)

   (ख) दिए गये आंकड़ों के आधार पर 2013-14 के लिए एक मशीनरी का मूल्य-ह्रास का आकलन करें :
   (b) Based on the data given below, calculate the depreciation of a machinery for 2013-14 :

| | |
|---|---|
| मशीनरी खरीदने की तारीख<br>Date of purchase of machinery | — 20-5-2008<br>— 20-5-2008 |
| खरीदने के समय मशीनरी की लागत<br>Cost of Machinery at the time of purchase | — 4,50,000/-<br>— 4,50,000/- |
| सिविल कार्य प्रभार<br>Civil works charges | — 5,00,000/-<br>— 5,00,000/- |
| वारंटी की अवधि | — चालू होने की तारीख से दो वर्ष अथवा फैक्ट्री परिसर में मशीनरी की प्राप्ति से ढाई वर्ष, जो भी पहले हो । |
| Warranty period | — Two years from the date of commissioning or two and half years from the receipt of the Machine in the factory premises, which ever is earlier. |

(5 अंक/*Marks*)

8. (क) श्रेणी 'ए' की वस्तु सूची कौन-कौन सी है ?
   (a) What are 'A' Category inventory items ? (4 अंक/*Marks*)

   (ख) श्रेणी 'ए' की वस्तुओं की पहचान कैसे की जाती है ?
   (b) How 'A' Category inventory items are identified ? (3 अंक/*Marks*)

   (ग) श्रेणी 'ए' की वस्तुओं का सामग्री बजट तैयार करने पर क्या प्रभाव पड़ता है ?
   (c) How 'A' Category inventory item affect the preparation of Material Budget ? (3 अंक/*Marks*)

MAY 2014

435

रक्षा लेखा विभाग

**DEFENCE ACCOUNTS DEPARTMENT**

अधीनस्थ लेखा सेवा परीक्षा—भाग II

**S. A. S. EXAMINATION—PART II**

मई/MAY, 2014

प्रश्न पत्र VI—सैद्धांतिक (बिना पुस्तकों के)

**PAPER VI—THEORY (WITHOUT BOOKS)**

विषय : निर्माण कार्य, भंडार तथा आंतरिक लेखापरीक्षा

**SUBJECT : WORKS, STORES AND INTERNAL AUDIT**

अनुमत्य समय/*Time Allowed* : 3 घंटे/*Hours* | अधिकतम अंक/*Max. Marks* : 100

**टिप्पणियां/NOTES :**

1. केवल दस प्रश्नों के उत्तर दिए जाने चाहिएं—पांच अनुभाग-I और पांच अनुभाग-II से । प्रत्येक प्रश्न 10 अंकों का है ।
*Only TEN questions should be attempted—FIVE from Section-I and FIVE from Section-II. Each question carries **10** marks.*

2. अनुभाग-I सभी के लिए समान है । प्रत्येक प्रश्न के 10 अंक होंगे ।
*Section-I is common to ALL. Each question will carry* 10 *marks.*

3. अनुभाग-II के थलसेना अथवा वायुसेना अथवा नौसेना अथवा फैक्ट्री के भाग से संबंधित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए अनुमत्य अभ्यर्थियों को उप-अनुभाग **क**–थलसेना अथवा **ख**–वायुसेना अथवा **ग**–नौसेना अथवा घ–फैक्ट्री से किन्हीं **पांच** प्रश्नों का उत्तर देना है । अनुभाग-II के प्रश्नों का उत्तर एक अलग उत्तर-पुस्तिका में लिखा जाना चाहिए ।
*Candidates permitted to answer questions relating to ARMY or AIR FORCE or NAVY or FACTORY portion of Section-II should answer any FIVE questions from Sub-section A–ARMY or B–AIR FORCE or, C–NAVY or D–FACTORY. Answer to the questions to Section-II should be written in a separate Answer Book.*

---

## अनुभाग-I–निर्माण कार्य लेखा
## Section-I–Works Accounts

**(सभी अभ्यर्थियों के लिए समान)**
**(Common for ALL candidates)**

1. (क) ए.ए.ओ. जी. ई. का ए.ओ. जी.ई. के रूप में ग्रेड उन्नयन के पश्चात् 'ठेके की संवीक्षा' के संबंध में कौन सी अतिरिक्त शक्ति उसे प्रदान की गई है ?

(a) After up gradation of AAO GE to AO GE what additional power in regard to 'scrutiny of contract' has been delegated to him ? (3 अंक/*Marks*)

(ख) पश्च लेखापरीक्षा के दौरान यह देखा गया है कि ए.ओ. जी. ई. ने रुपये 9.5 लाख के लागत के एक ठेके के संबंध में संवीक्षा की है और भुगतान किया है जिसे जी.ई. द्वारा फ्रीक दरों से युक्त टेंडर जो अन्यथा सार्वाधिक रूप से स्वीकार्य था को अस्वीकृत करते हुए स्वीकार किया गया था । विषय पर आदेशों के अनुरूप अपनी टिप्पणी करें ।

(b) During post audit it is seen that the AO GE has done scrutiny and made payment in respect of a contract costing Rs. 9.5 lakh that was accepted by the GE rejecting the tender containing freak rates which otherwise was most acceptable. Offer your comments on this as per orders on the subject. (7 अंक/*Marks*)

MAY 2014



2. (क) इंजीनियर कार्यालय से सम्बद्ध ए.ओ. जी. ई. के कार्य तीन स्तरीय हैं। उनका वर्णन करें।

(a) Functions of AO GE attached to engineer office are three fold. Describe them. (3 अंक/*Marks*)

(ख) ए.ओ. जी. ई. को यह देखना आवश्यक है कि निर्माण कार्य सेवाओं पर किए जाने वाले व्यय से पूर्व कुछ शर्तों को पूरा किया जाता है। ये शर्ते कौन कौन सी है ? आगे यह भी कि यदि रुपये 10,000/- की लागत वाली मूल निर्माण कार्यों की लागतयुक्त सारणी (कास्टेड शिड्यूल) बनी हुई नहीं पाई गई है, तो इन शर्तों में से कौन सी शर्त को पूरा किया जाता है अथवा उसका उल्लंघन किया जाता है ? अपने विचारों के समर्थन में कारणों का उल्लेख करें।

(b) AO GE has to see that before expenditure is incurred on works services, certain conditions are fulfilled. What are those conditions ? Further, which of these conditons is fulfilled or violated, as the case may be, if a costed schedule of original works costing Rs. 10,000/- has not been found prepared. Give reasons in support of your views. (4 +3 = 7 अंक/*Marks*)

3. (क) उन तीन कार्यपालक एजेंसियों का नाम बताएं जिन्हें संक्रियात्मक निर्माण कार्य का आदेश दिया जा सकता है। किस एजेंसी को ठेके के माध्यम से संक्रियात्मक निर्माण कार्य को करने की आवश्यकता नहीं है ?

(a) Name three executing agencies on which operational works can be ordered. Which agency needs not execute operational works through contract ? (3 अंक/*Marks*)

(ख) एक वर्ष के लिए संक्रियात्मक निर्माण कार्यों के लिए सीमेंट की मांग 2000 बैग आकलित होती है। इंजीनियर रेजीमेंट इसकी उपलब्धता की योजना किस प्रकार बनाएगा ?

(b) The demand of Cement for operational works for a year works out to 2000 bags. How should the Engineer regiment plan its availability ? (7 अंक/*Marks*)

4. (क) बजट बनाने और नियंत्रण के उद्देश्य के लिए रक्षा निर्माण कार्यों को कितनी श्रेणियों में विभाजित किया जाता है ? प्रत्येक के दो उदाहरणों को देते हुए उनका नाम बताएं।

(a) In how many categories the Defence Works are divided for the purpose of bugeting and control ? Name them with two examples of each. (3 अंक/*Marks*)

(ख) रक्षा निर्माण कार्य क्रियाविधि के अनुसार निम्नलिखित निर्माण कार्यों की श्रेणियों का नाम बताएं :

(b) Name categories of the following Works as per Defence Works Procedure :

(i) रुपये 25 लाख की लागत वाले मूल निर्माण कार्य
Original works costing Rs. 25 lakh

(ii) रुपये 12 लाख की लागत वाले मूल निर्माण कार्य
Original works costing Rs. 12 lakh

(iii) रुपये 2 लाख की लागत वाले मूल निर्माण कार्य
Original works costing Rs. 2 lakh

(iv) रुपये 1 लाख की लागत वाले मूल निर्माण कार्य
Original works costing Rs. 1 lakh

(v) रुपये 1.2 लाख की लागत वाले प्रतिस्थापन्न (रिप्लेसमेन्ट) और नवीकरण
Replacement and renewals costing Rs. 1.2 lakh

(vi) रुपये 3 लाख की लागत वाले ई/एम. संस्थापना का प्रतिस्थापन
Replacement of E/M installation costing Rs. 3 lakh

(vii) रुपये 9500/- की लागत वाला एक छोटी मोटी प्रकृति का मूल निर्माण कार्य, किन्तु सी.डब्ल्यू.ई. इसे एक मूल निर्माण कार्य के रूप में नहीं मानना चाहता है ।
An original work of petty nature coting Rs. 9500/- but the CWE does not want to treat it as original work. (1 × 7 = 7 अंक/*Marks*)

5. (क) सन्निकट प्राक्कलन (एप्राक्सिमेट एस्टिमेट) को कौन तैयार करता है ? सन्निकट प्राक्कलन को तैयार करने के लिए किस परिशिष्ट में उसका प्रोफार्मा निर्धारित है ? किन पद्धतियों से सन्निकट प्राक्कलनों को बनाया जाता है ?
(a) Who prepares the Approximate Estimates (AEs) ? In which Appendix the proforma for preparation of the AEs is prescribed ? On what lines are the AEs prepared ? (3 अंक/*Marks*)

(ख) निम्नलिखित के संबंध में क्या कार्रवाई आवश्यक होगी ?
(b) What action would be needed in the following ?

(i) यदि विशिष्ट औजार और संयंत्र को निर्माण कार्य के सन्निकट प्राक्कलन में सम्मिलित किया जाना अपेक्षित है ?
If special tool or plant is required to be included in the estimates cost of the works ?

(ii) यदि स्थापना प्रभारों को प्राक्कलन में सम्मिलित किया जाना है ?
If establishment charges are to be included in the Estimates ?

(iii) यदि 4% परामर्श संबंधी प्रभारों को प्राक्कलन में सम्मिलित किया जाना है ?
If 4% consultancy charges are to be included in the Estimates ? (3 + 2 + 2 = 7 अंक/*Marks*)

6. (क) प्रशासनिक अनुमोदन पर एक संक्षिप्त टिप्पणी लिखें ।
(a) Write a brief note on Administrative Approval (AA). (3 अंक/*Marks*)

(ख) निम्नलिखित स्थितियों का परीक्षण करें और अपनी टिप्पणियां करें :
(b) Examine the following situations and offer your comments.

(i) प्रशासनिक अनुमोदन प्रदान करने के एक वर्ष बाद भी निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है ।
Works not commenced even after a year of according Administrative Approval. (2 अंक/*Marks*)

(ii) रुपये 5 लाख के लिए एक 'गो एहेड' स्वीकृति रुपये 20 लाख वाली अनुमानित लागत वाली एक परियोजना के लिए प्रदान की गई है ।
'Go Ahead' sanction for Rs. 5 lakh has been accorded for a project having estimated cost of Rs. 20 lakh. (2 अंक/*Marks*)

(iii) टेंडर की स्वीकृति के पूर्व टेंडर दस्तावेजों की संवीक्षा (स्क्रूटनी) लेखापरीक्षा द्वारा नहीं की गई है ।
Scrutiny of tender documents not done by audit prior to acceptance of tender. (1 अंक/*Mark*)

(iv) ठेकेदार ने ठेके के मूल्य का 16% मोबलाइजेशन अग्रिम के लिए प्रार्थना की है ।
The contractor has asked for mobilization advance of 16% of the value of contract. (2 अंक/*Marks*)

7. (क) एम.ई.एस. निर्माण कार्यों के लिए टेंडर प्रदान करने वाले ठेकेदारों की श्रेणियों का उल्लेख बयाना राशि (अर्नेस्ट मनी) और जमानत जमा को जमा करने की उनकी देयता के आधार पर करें ।

(a) Write down the categories of contractors tendering for MES Works on the basis of their liability to deposit earnest money and security. (3 अंक/*Marks*)

(ख) यदि निर्माण कार्य की अनुमानित लागत (i) रुपये 2 लाख और (ii) रुपये 50 लाख है, तो बयाना राशि का आकलन करें । इसके अतिरिक्त यदि उपर्युक्त मामला (i) में ठेकेदार का टेंडर प्रामाणिक है किन्तु सबसे कम वाला नहीं होने के कारण स्वीकार नहीं किया गया है, और यदि उपर्युक्त मामला (ii) में टेंडर प्रामाणिक नहीं पाया जाता है, तो बयाना राशि के संबंध में क्या कार्रवाई की जानी अपेक्षित है ।

(b) Work out amount of Earnest Money if the estimated costs of the works are : (i) Rs. 2 lakh, and (ii) Rs. 50 lakh. Further, what action in regard to earnest money will be taken if in the case (i) above the tender of the contractor is bonafide but not accepated due to not being lowest, and if in the case (ii) above the tender is found to be non-bonafide ? (7 अंक/*Marks*)

8. (क) 'बैरक क्षतियां' शब्द को परिभाषित करें । सामान्यत: बैरक क्षतियां ध्यान में कब आती है ?

(a) Define the term 'Barrack Damages'. How do the barrack damages normally come to notice ? (3 अंक/*Marks*)

(ख) विषय पर आदेशों के अनुसार बैरक क्षतियों की निम्नलिखित स्थितियों पर कार्रवाई करें :

(b) Deal with the following situations of barrack damages as per orders on the subject :

(i) एक यूनिट के एक कर्मचारी से वसूली के लिए नियमों के अनुसार बैरक क्षति वाउचर तैयार किया गया है और उस पर कोई विवाद नहीं है ।

Barrack damages voucher has been prepared as per rules for recovery from an employee of a Unit and there is no dispute on the same. (2 अंक/*Marks*)

(ii) यदि उपर्युक्त कर्मचारी ने वाउचर की कुल धनराशि के आधे भाग पर विवाद किया है ।

If the above employee has disputed half of the total amount of the voucher. (2 अंक/*Marks*)

(iii) एक अफसर द्वारा एक आयातित वस्तु की बैरक क्षतियां की गई हैं, किन्तु वस्तु की लागत उपलब्ध नहीं है ।

Barrack damages to an imported article has been done by an officer, but the cost of the articles is not available. (2 अंक/*Marks*)

(iv) तत्काल मरम्मत की आवश्यकता है, किन्तु बैरक क्षतियों के वाउचर को अंतिम रूप दिया जाना बाकी है ।

Urgent repair is needed but finalization of barrack damages voucher is pending. (1 अंक/*Mark*)

---

## अनुभाग-II ( भंडार लेखा तथा आंतरिक लेखा परीक्षा ) ( क ) थल सेना
## SECTION-II (Store Accounts and Internal Audit) (A) ARMY

### ( वायुसेना, नौसेना तथा फैक्ट्रियों को छोड़कर अन्य अभ्यर्थियों के लिए )
### (FOR CANDIDATES OTHER THAN AIR FORCE, NAVY AND FACTORIES)

1. (क) रक्षा सेवा विनियमावली के अनुसार यूनिट के भंग होने पर एक कमाडेंट निम्नलिखित निधियों का निपटान किस प्रकार करेगा ?

(a) According to the Defence Service Regulations, how will a Commandant dispose of the following funds on the unit's disbandment ?

(i) आंशिक रूप से लोक से और आंशिक रूप से गैर सरकारी धनराशि से वित्त पोषित रेजिमेंटल निधियां ।

Regimental funds financed partly from public and partly from private money.

(ii) संपूर्ण रूप से लोक से वित्त पोषित रेजिमेंटल निधियां ।

Regimental funds financed wholly from public money.

(iii) सेवा कार्मिकों से स्वैच्छिक अंशदान के द्वारा पूर्णतः रखरखाव की गई गैर सरकारी निधियां ।

Private funds maintained entirely by voluntary subscription from service personnel.

(3 अंक/*Marks*)

(ख) एक स्थानीय लेखापरीक्षा अधिकारी के रूप में क्या आप रेजिमेन्टल निधियों की लेखापरीक्षा कर सकते है ? इसके अतिरिक्त यदि रक्षा मंत्रालय ने रक्षा लेखा विभाग को यह आदेश दिया है कि वह जबलपुर स्थित थलसेना की एक यूनिट की रेजिमेन्टल निधियों की लेखापरीक्षा करे, तो इसका अनुपालन करने के लिए क्या कार्रवाई की जाएगी ?

(b) Can you, as an LAO, audit the Regimental Fund ? Further, if the MoD has ordered the Defence Accounts Department to audit Regimental Funds of an Army Unit at Jabalpur, what action will be taken to comply with it. (7 अंक/*Marks*)

2. (क) जे.सी.ओस./अन्य रैंकों को ए.एस.सी. और ए.ओ.सी. भंडारों और वस्त्र मदों के भुगतान पर निर्गम का कीमत निर्धारण किस के द्वारा किया जाता है ? क्या यह कीमत निर्धारण किसी संवीक्षा (स्क्रूटनी) की शर्तों के अधीन है ? यदि हां, तो संवीक्षा किसके द्वारा की जाती है ?

(a) Payment issues of ASC & AOC stores and clothing to JCO/ORs are priced by whom ? Is this pricing subject to any scrutiny ? If yes, who carries out the scrutiny ? (3 अंक/*Marks*)

(ख) यदि मांस की स्थानीय खरीद रुपये 100/- प्रति किलो और मक्खन की स्थानीय खरीद रुपये 150/- प्रति किलों की गई थी, तो 50 किलो मांस और 200 किलो मक्खन के भुगतान पर निर्गमदरों को आकलित करें । आपूर्ति डिपो और राशन स्टैंड के बीच उपर्युक्त भंडारों के परिवहन के लिए सैन्य वाहन के लिए कुल अन्तर्ग्रस्त दूरी 15 किलोमीटर थी । परिवहन प्रभार रुपये 10/- प्रति किलोमीटर के रूप में लिया जाता है और उपर्युक्त मदों का परिवहन अलग अलग किया गया ।

(b) Calculate payment issues rates for 50 Kg of meat and 200 Kg of butter if the local purchase of meat was made at Rs. 100/- per Kg and of Butter at Rs. 150/- per Kg. Total distance involved for the military vehicle for transportation of the above stores between Supply Depot and Unit ration stand was 15 Kms. The transportation charges are taken as Rs. 10/- per Km, and above items were transported separately.

(7 अंक/*Marks*)

3. (क) ''मरम्मत योग्य'' और ''अप्रचलित'' भंडार कौन कौन से होते हैं ?

(a) What are the "Rapairable" and, the "Obsolete" stores ? (3 अंक/*Marks*)

(ख) एक रक्षा लेखा नियंत्रक ने थलसेना की एक यूनिट के स्टाक का वास्तविक सत्यापन करना आवश्यक समझा है । इस संबंध में की जाने वाली कार्रवाई का वर्णन करें ।

(b) A CDA has considered it necessary to carry out physical verification of stock of an army unit. Describe the action to be taken in this regard. (7 अंक/*Marks*)

4. (क) राशन और फोराज विवरणी किसे कहते हैं ? इसमें क्या निहित होता है ?

(a) What is Ration and Forage Return ? What does it contain ? (3 अंक/*Marks*)

(ख) निम्नलिखित के संबंध में सैन्य अस्पताल द्वारा अस्पताल में ठहराव की वसूलियों के मामले पर किस प्रकार कार्रवाई की जाएगी :

(b) How the cases of recoveries of the Hospital stoppages will be processed by the Military Hospital in respect of :

(i) एक सेवाधीन थलसेना अफसर
Serving Army Officer

(ii) एक जे.सी. ओ. और
J.C. O., and

(iii) एक सिविलियन
a Civilian (2 + 2 + 3 = 7 अंक/*Marks*)

5. (क) प्राप्ति वाउचरों, केन्द्रीय खरीद वाउचरों और स्थानीय खरीद वाउचरों के सम्बद्धीकरण की लेखापरीक्षा का उद्देश्य (स्कोप) क्या है ?

(a) What is the Scope of audit of linking of the receipts vouchers, the central purchase vouchers, and the local purchase vouchers ? (3 अंक/*Marks*)

(ख) स्थानीय लेखापरीक्षा करने के दौरान आपने कुछ नीचे दिए गए बिन्दुओं को देखा है । थल सेना स्थानीय लेखापरीक्षा नियम पुस्तक के अनुसार इन्हें आप 'आपत्ति' अथवा 'लेखा टिप्पणी' (आब्जर्वेशन) के रूप में, जैसी भी स्थिति हो, श्रेणीकृत करें । तथा साथ ही आपत्ति और लेखा टिप्पणी के बीच अंतर करते हुए आप आपत्ति विवरण किस प्रकार तैयार करेंगे ?

(b) While conducting Local Audit you have notices certain points given below. As per ALAM, categorise them as 'objection' or 'observation', as the case may be. Further, how will you prepare the objection statement distinguishing the objection and the observation ?

(i) भंडारों का अप्राधिकृत निःशुल्क निर्गम
Unauthorized free issue of stores

(ii) निर्धारित मानकों से अधिक भंडारों का निर्गम
Stores issued in excess of prescrised stores

(iii) वाउचरों के अभाव में
Want of vouchers

(iv) वे भंडार जिनके संबंध में लेजर लेखे में क्रेडिट का पता नहीं चल रहा है
Stores for which credit is not traced in the ledger account

(v) लेखे/विवरणियों को प्रेषित करने में विलम्ब
Delay in submission of accounts/returns

(vi) सरकारी परिवहन का अप्राधिकृत उपयोग
Unauthorized use of Government transport

(vii) लेखे/वाउचरों में त्रुटियां, कमी अथवा बेशी को नहीं दिखा रही है
Errors in accounts/vouchers not indicating deficit or surplus

(viii) लेखे के समुचित फार्म का उपयोग नहीं किया गया है
Proper Form of account has not been used

(ix) रेलवे वारंटों का अनियमित उपयोग
Irregular use of Railway Warrants

(x) कुछ संदेहास्पद बिन्दुएं प्रकाश में आई है
Certain doubtful point noticed (5 + 2 = 7 अंक/*Marks*)

6. (क) निम्नलिखित पर टिप्पणी कीजिए :
(a) Comments on the following :

(i) यूनिट ने लेखापरीक्षा के लिए लेखापरीक्षा के योग्य दस्तावेजों को उपलब्ध नहीं कराया है और स्थानीय लेखापरीक्षा अधिकारी पिछले छः माह से ओ.सी. यूनिट के साथ इस संबंध में पत्र व्यवहार कर रहा है ।
Unit has not produced auditable documents for aduit and LAO has been corresponding in this regard with the OC Unit since last six months.

(ii) बेशी (सरप्लस) भंडारों से संबंधित हानियों को स्थानीय लेखापरीक्षा अधिकारी के भंडार की हानियों के रजिस्टर में दर्शाया गया है ।
Losses relating to the surplus stores have been reflected in LAO's register of losses of stores.

(iii) भंडार हानियों के कारण सक्षम प्राधिकारी द्वारा आदेशित भंडार धारक से रुपये 5000/- की अर्थदंडात्मक वसूली को विनियोजन लेखे में दर्शाए जाने के लिए नोट किया जाना था ।
Penal deduction of Rs. 5000/- from the stores keeper ordered by the competent authority due to stores loss was noted for exhibition in Appropriation Accounts. (1 + 1 + 1 = 3 अंक/*Marks*)

(ख) वित्तीय सलाह प्रदान करने के संबंध में स्थानीय लेखापरीक्षा अधिकारी के कार्यों पर एक संक्षिप्त टिप्पणी लिखें ।
(b) Write a short note on functions of the LAO in regard to rendering of Finanical Advice.
(7 अंक/*Marks*)

7. (क) कार्टर पैटरसन प्रणाली किस कहते हैं ?
(a) What is Carter Patterson System ? (3 अंक/*Marks*)

(ख) एक ऐसे जे.सी.ओ. को वस्त्रमदों की निम्नलिखित नई मदें निर्गमित की गई थी जो चालू वर्ष के अंत में सेवानिवृत्त हो रहा है । जे.सी.ओ. की सेवानिवृत्ति के समय वस्त्रमदों के संबंध में क्या कार्रवाई की जाएगी ?
(b) Following new items of clothing were issued to a JCO who is retiring at the end of the current month. What action in regard to the clothing will be taken at the time of JCO's retirement ?

(i) हुड और इनर लाइनिंग के साथ 1 कोट कम्बैट : पी.वी. दर रुपये 1500/- और चालू माह के अंतिम दिन की स्थिति के अनुसार जीवन अवशिष्ट अवधि 80% है ।
1 Coal Combat with Hood & Inner Lining : PV Rate Rs. 1500/- and residual life as on the last day of the current month is 80%.

(ii) 1 शर्ट पोलिएस्टर काटन प्लेन वीव ओ.जी. : पी.बी. दर रुपये 800/- और चालू माह के अंतिम दिन की स्थिति के अनुसार अवशिष्ट जीवन अवधि 30% है ।
1 Shirt Polyester Cotton Plain Weave OG : PV Rate Rs. 800/- and residual life as on the last day of the current month is 30%.

(iii) 2 जैकेट कम्बैट डिस्रप्टिव जिसे चार वर्ष पूर्व निर्गमित किया गया था : पी.वी. दर रुपये 500/- और चालू माह के अंतिम दिन की स्थिति के अनुसार अवशिष्ट जीवन अवधि 75% है ।
2 Jackets Combat Disruptive issued four years back : PV Rate Rs. 500/- and residual life as on the last day of the current month is 75%. (2 + 2 + 3 = 7 अंक/*Marks*)

8. (क) स्थानीय लेखापरीक्षा अधिकारी द्वारा लोक निधि लेखे के निरीक्षण के क्या क्या उद्देश्य हैं ?
(a) What are the objects of inspection of public fund accounts by LAOs ? (3 अंक/*Marks*)

(ख) निरीक्षण करते समय एक स्थानीय लेखापरीक्षा अधिकारी रोकड़ बही में दर्शाए गए बैंक शेष का सत्यापन किस प्रकार करेगा ? इसकें अतिरिक्त एक यूनिट के लोक निधि लेखे के निरीक्षण करते समय प्रकाश में आए निम्नलिखित तथ्यों पर उसकी प्रतिक्रिया क्या होगी ?
(b) How should the LAO verify the bank balance shown in the Cash Book while conducting inspection ? Further, what should be his response to the following facts notices while inspecting Public Fund Account of a unit ?

(i) रुपये 10,000/- के लिए स्वयं के (सेल्फ) चैक का आहरण किया गया है ।
Self cheque for Rs. 10,000/- has been drawn.

(ii) रुपये 4,000/- की धनराशि को एम.आर.ओ. को डेबिट किया गया दर्शाया गया है ।
A sum of Rs. 4000/- has been shown as debited towards MRO.

(iii) रोकड़ बही के प्राप्ति-भाग में ओवरराइटिंग और सुधारों (करेक्शन) को देखा गया है ।
Overwritings and corrections seen in receipt side of the cash book.

(iv) रोकड़ बही का रखरखाव आई.ए.एफ.ए. 811 में किया गया है ।
Cash book is maintained in IAFA 811.

(v) पुराने अखबारों की ब्रिकी से प्राप्त रुपये 5500/- की धनराशि रोकड़िए के पास पिछले 35 दिनों से रखी हुई है ।
Sale proceeds of old newspapers to the tune of Rs. 5500/- are held with the Cashier since last 35 days. (2 + 5 = 7 अंक/*Marks*)

---

## अनुभाग-II ( भंडार लेखा तथा आंतरिक लेखा परीक्षा ) ( ख ) वायु सेना
## SECTION-II (Stores Accounts and Internal Audit) (B) AIR FORCE

1. निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखें :
Write Short notes on :

(क) सक्रिय (एक्टिव) भंडार
(a) Active Stores

(ख) असक्रिय भंडार
(b) Inactive Stores

(ग) मरम्मत का प्रतिफल (ईल्ड)
(c) Yield of Repair

(घ) अंतर्बदल (इंटरचेंजेबिल) मदें
(d) Interchangeable items (2.5 × 4 = 10 अंक/*Marks*)

2. (क) आई.ए.एफ.एफ. (क्यू) 429 को एक कम्बाइन्ड वाउचर क्यों कहते हैं और कम्बाइन्ड वाउचरों की कितनी प्रतियां तैयार की जाती हैं ?
(a) Why IAFF (Q) 429 is called a Combined Voucher and how many copies of Combined Vouchers are prepared ? (5 अंक/*Marks*)

(ख) आई.ए.एफ.एफ. (क्यू) 429 कम्बाइन्ड वाउचरों की सभी प्रतियों के विशिष्ट रंगों का नाम बताएं और इन मांग वाउचरों को किस प्रकार नियंत्रण संख्या आबंटित की जाती है ?
(b) Name the specific colors to all the copies of the IAFF (Q) 429 Combined Vouchers and how the controlling no. is allotted to this demand vouchers ? (5 अंक/*Marks*)

3. (क) निम्नलिखित विस्तारित रूप क्या है :
(a) What does the following stand for :

(i) डी.जी.एस. एण्ड डी.
D.G.S. & D.

(ii) आई.एम.एम.ओ.एल.एस.
IMMOLS

(iii) पी.ए.सी.
P.A.C.

(iv) एफ.ओ.आर.
F.O.R.

(v) जी.आई.जी.
G.I.G.

(vi) सी.ओ.टी.एस.
C.O.T.S. ( 1 × 6 = 6 अंक/*Marks*)

(ख) बताएं कि निम्नलिखित सत्य है अथवा असत्य :

(b) State True or False :

(i) एक विशिष्ट वाहन के द्वितीय स्तर के रखरखाव का दायित्व भारतीय वायुसेना का है ।
Second level maintenance of a specialist vehicle is the responsibility of Indian Air Force.

(ii) एक रूपांतरण (कनवर्जन) वाउचर को असेवायोग्य भंडारों को कबाड़ के रूप में रूपांतरित करने के लिए बनाया जाता है ।
A conversion voucher is raised to convert the unserviceable stores into salvage.

(iii) डेमरेज बिल का भुगतान रोकड़ में किया जाता है ।
Payment of demurrage bill is made in each.

(iv) सैन्य अस्पताल में भर्ती 05 वर्ष से नीचे की आयु के बच्चों को वयस्क के लिए प्राधिकृत मानक आहार का आधा भाग प्रदान किया जाता है ।
Children below the age of 05 years admitted in MH are given the half the scaled diet authorized for adult. (1 × 4 = 4 अंक/*Marks*)

4. (क) रेल के द्वारा एम.टी. वाहनों के प्रेषण के लिए अपनाए जाने वाले अनुदेशों के उदाहरण दें ।

(a) Illustrate the instructions to be followed for dispatch of MT vehicles by Rail. (6 अंक/*Marks*)

(ख) 32 विंग वायुसेना ने बिना टेंडर किए एक राज्य परिवहन के माध्यम से वायुसेना के उपस्कर के परिवहन का विकल्प चुना है । टिप्पणी करें ।

(b) 32 Wing AF has opted to transport the Air Force equipment through a state transport without tendering. Comments. (4 अंक/*Marks*)

5. (क) आप 'लिविंग आउट राशन अलाउन्स' और 'लीव राशन अलाउन्स' से क्या समझते हैं ? एक वर्ष में एक वायुसैनिक की लीव राशन अलाउन्स की हकदारी की अधिकतम अनुमत्य अवधि कितनी है ?

(a) What do you mean by 'Living out Ration Allowance' and 'Leave Ration Allowance'. What is the maximum permissible period in a year an Airmen is entitled for Leave Ration Allowance ? (7 अंक/*Marks*)

(ख) जे.डब्ल्यू.ओ. एम. के. यादव 05 दिसम्बर 2013 से 12 जनवरी 2014 तक वार्षिक छुट्टी पर था और उसने उपर्युक्त अवधि के लिए लिविंग आउट राशन अलाउन्स का आहरण किया । टिप्पणी करें ।

(b) JWO M. K. Yadav was on Annual leave from 05th Dec 2013 to 12th Jan 2014 and drew living out ration allowance for above period. Comments. (3 अंक/*Marks*)

6. (क) कितनी श्रेणियों में एम.टी. वाहन के रखरखाव को विभाजित किया जाता है ? संक्षेप में वर्णन करें ।

(a) In how many categories the maintenance of MT vehicles are divided. Briefly describe ? (8 अंक/*Marks*)

(ख) कामन यूजर एम.टी. वाहन का चतुर्थ स्तरीय रखरखाव 15 बी.आर.डी., वायुसेना द्वारा किया गया था । टिप्पणी करें ।

(b) Fourth level maintenance of Common User MT vehicle was carried out by 15 BRD, Air Force. Comment. (2 अंक/*Marks*)

7. (क) प्रशासनिक लीड टाइम और सुपुर्दगी लीड टाइम किसे कहते हैं ?

(a) What is Administrative lead time and Delivery lead time ? (4 अंक/*Marks*)

(ख) उपर्युक्त दोनों में से किस लीड टाइम आउट की आवधिकता को व्यवस्था (प्रोविज़निंग) प्राधिकारी द्वारा घटाया जा सकता है ?

(b) The periodicity of which lead time out of the two above can be reduced by the Provisioning authority ? (3 अंक/*Marks*)

(ग) वायुसेना में सूची (इन्वेन्टरी) प्रबंधन के ए.बी.सी. विश्लेषण के मुख्य उद्देश्य का वर्णन करें ?

(c) Describe the main purpose of ABC Analysis of inventory management in Air Force ? (3 अंक/*Marks*)

8. (क) बताएं कि निम्नलिखित उपस्कर भंडार की किस श्रेणी में आते हैं :

(a) State which Category of Stores the following equipment belong to :

(i) वह उपस्कर जो सेवा के पश्चात् पुनः निर्गम के लिए दुरुस्त है ।
Equipment which is fit for re-issue after service.

(ii) वह उपस्कर जो किफायती मरम्मत से परे है ।
Equipment which is beyond economical repair.

(iii) नया और बिना उपयोग किया उपस्कर ।
New and unused equipment.

(iv) वह उपस्कर जो निरीक्षण किए जाने पर मरम्मत किए जाने की आवश्यकता को प्रकट करता है ।
Equipment which on inspection show need of repairs.

(v) कार्यमूलक जांच की शर्तों के अधीन सेवायोग्य उपस्कर ।
Serviceable Equipment subject to functional test. (1 × 5 = 5 अंक/*Marks*)

(ख) रोटेबल स्पेयर्स और सेवायोग्य स्पेयर्स को परिभाषित करें ।

(b) Define Rotable spares and Serviceable spares. (5 अंक/*Marks*)

---

## अनुभाग-II ( भंडार लेखा तथा आंतरिक लेखा परीक्षा ) ( ग ) नौसेना
## SECTION-II (Store Accounts and Internal Audit) (C) NAVY

1. (क) एन.बी.सी.डी. भंडार किसे कहते हैं ?
   (a) What are NBCD Stores. (3 अंक/*Marks*)

   (ख) एक मैटीरियल संगठन में आप एक नियंत्रक, मैटीरियल योजना है । आप वस्तुसूची (इन्वेन्ट्री) नियंत्रण में ए.बी.सी. विश्लेषण और वी.ई.डी. विश्लेषण का उपयोग किस प्रकार करेंगे ?
   (b) You are the CMP (Controller of Material Planning) in a Material Organization. How will you use ABC Analysis and VED Analysis in Inventory Control ? (7 अंक/*Marks*)

2. (क) किस प्रकार के ठेके अथवा उत्पादों के लिए स्टेज भुगतान प्रदान किया जा सकता है ?
   (a) For what type of contracts or products can stage payments be given ? (3 अंक/*Marks*)

   (ख) एक आपूर्तिकर्ता ने मैटीरियल अधीक्षक को सम्बोधित अपने शिकायती पत्र में अपने बिल के विलंब से हुए भुगतान के लिए अनेक लोगों को दोषी ठहराया है । इसके लिए कौन से सभी लोग उत्तरदायी हो सकते हैं ?
   (b) A Supplier in a complaint letter to the Material Superintendent has blamed a lot of people for delayed payment of his Bill. Who all could be responsible for this ? (7 अंक/*Marks*)

3. (क) दर ठेका किए जाने के लिए कौन कौन से तत्व एक निर्णय को प्रभावित करते हैं ?
   (a) What factors influence a decision to go in for a rate contract ? (3 अंक/*Marks*)

   (ख) आप एक मैटीरियल संगठन में एक अफसर हैं । आपसे यह कहा गया है कि आप विद्यमान विक्रेताओं के कार्य-प्रदर्शन का मूल्यांकन करें । आप अपने दत्तकार्य के संबंध में किस प्रकार कार्रवाई करेंगे ?
   (b) You are an officer in a Material Organization. You have been asked to do a performance assessment of the existing Vendors. How will you go about your task ? (7 अंक/*Marks*)

4. (क) फालतू पुर्जों के रेजिंग और स्केलिंग का क्या अर्थ है ?
   (a) What does Ranging & Scaling of Spares mean ? (3 अंक/*Marks*)

   (ख) आप एक पोत के लिए फालतू पुर्जों की व्यवस्था (प्रोविजनिंग) करने के लिए उत्तरदायी नौसेना मुख्यालय के तकनीकी निदेशालय के एक अफसर हैं । उपस्कर के निर्माणकर्ताओं ने मुहैया किए जाने वाले फालतू पुर्जों की एक सूची की संस्तुति की है । क्रय किए जाने वाले फालतू पुर्जों के क्वांटम की योजना बनाने के लिए आप कौन कौन सी अन्य बातों पर विचार करेंगे ?
   (b) You are an Officer of a Technical Directorate of Naval Hqrs responsible for provisioning of spares for a Ship. The manufacturers of the equipment have recommended a list of spares to be porcured. What other factors will you consider for planning the quantum of spares to be bought ? (7 अंक/*Marks*)

5. (क) स्वदेशीकरण में तकनीकी निदेशालय की क्या भूमिका है ?
   (a) What is the role of Technical Directorates in indigenisation ? (3 अंक/*Marks*)

   (ख) स्वदेशीकृत किए जाने वाले फालतू पुर्जों को चयनित करने के लिए समिति के एक सदस्य के रूप में आपके अंतिम निर्णय पर पहुंचने के लिए कौन कौन सी बातें आपका मार्गदर्शन करेंगी ?
   (b) As a member of a Committee for selecting spare parts to be indigenised, what factors will guide you to arrive at the final decision ? (7 अंक/*Marks*)

6. (क) शिप वारंट किसे कहते हैं ?
   (a) What is a Ship's warrant ? (3 अंक/*Marks*)

(ख) क्या नौसेना के भंडार की एक मद का उपयोग उस एक वस्तु के विनिर्माण के लिए किया जा सकता है जो खो गई है ?

(b) Can an item of Naval Store be used to manufacture an article which has been lost ? (7 अंक/*Marks*)

7. (क) नौसेना स्थानीय लेखापरीक्षा अधिकारी स्वयं को किस प्रकार संतुष्ट कर सकता है कि नौसेना अस्पताल में उपचार का लाभ उठाने के लिए प्रभारों की वसूली सही रूप में की जा रही है ?

(a) How does the NLAO satisfy himself that the charges for taking treatment in Naval Hospitals are being recovered correctly ? (3 अंक/*Marks*)

(ख) एक पधारने वाले विदेशी नौसेना का एक कैप्टेन, जो अस्वस्थ हो जाता है, को क्या कोची में स्थित नौसेना अस्पताल में भर्ती कराया जा सकता है ? यदि हां, तो क्या वह निःशुल्क चिकित्सा उपचार के लिए हकदार होगा ?

(b) Can a Captain of a visiting foreign Naval Ship who falls ill be admitted in the Naval Hospital in Kochi ? If yes, will he be entitled to free medical treatment ? (7 अंक/*Marks*)

8. (क) वे कौन कौन से अवसर हैं जब एक भंडारधारक द्वारा भंडारों को प्रभार पर लिया जाता है ?

(a) What are the occasions on which stores are taken on charge by a Storekeeper ? (3 अंक/*Marks*)

(ख) एक मद की अवस्था में परिवर्तन किसे कहते हैं ? मैटीरियल अधीक्षक के रूप में आप इसके बारे में क्या कार्रवाई करेंगे ?

(b) What is change in condition of item. As a Material Superintendent, how will you deal with it. (7 अंक/*Marks*)

---

## अनुभाग-II ( भंडार लेखा तथा आंतरिक लेखा परीक्षा ) ( घ ) फैक्ट्री
## SECTION-II (Store Accounts and Internal Audit) (D) FACTORY

1. (क) आयुध एवम आयुध उपस्कर फैक्ट्रियों में प्रचलित लागत लेखांकन प्रणाली की मुख्य विशेषताओं का वर्णन कीजिए ।
   (a) Describe the salient features of the cost accounting system prevailing in the Ordnance and Ordnance Equipment Factories. (7 अंक/*Marks*)

   (ख) लागत कार्डों के रख-रखाव के पीछे मुख्य उद्देश्य क्या है ?
   (b) What is the main objective behind maintaining of cost cards ? (3 अंक/*Marks*)

2. निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखें :
   Write short notes on the following :

   (क) निरीक्षण नोट
   (a) Inspection Notes

   (ख) अक्षमता शीट
   (b) Inability Sheet

   (ग) अनावर्ती दरें
   (c) Non-recurring Rates

   (घ) भंडार लेजर
   (d) Store Ledger

   (ङ) संवितरण प्रमाणपत्र
   (e) Disbursement Certificate (2 × 5 = 10 अंक/*Marks*)

3. (क) कीमतयुक्त सामग्री लेखा तथा कीमतयुक्त भंडार खाता के समाधान का क्या उद्देश्य है ?
   (a) What is the purpose of reconciliation of Price Store Account and Priced Store Ledger ? (5 अंक/*Marks*)

   (ख) कीमतयुक्त भंडार खाते में अपरंपरागत शेष क्यों उत्पन्न होते हैं ? संक्षेप में स्पष्ट करें ।
   (b) Why do unorthodox balance arise in the Priced Store Ledger ? Explain briefly. (5 अंक/*Marks*)

4. सामग्री 'X' के 400 मैट्रिक टन को प्राप्त करने से संबंधित एक टेंडर खरीद समिति की बैठक के लिए आप अपने वित्त एवं लेखा नियंत्रक की सहायता कर रहे हैं । वे विभिन्न मुद्दे कौन-कौन से हैं जिन्हें आप देखना चाहेंगे और टिप्पणी में उजागर करना चाहेंगे ।
   You are assisting your Controller of Finance & Accounts for a TPC meeting relating to Procurement of 400 metric tonnes of 'X' material. What are the various points you would like to look into and highlight your note ? (10 अंक/*Marks*)

5. (क) लेन-देनों के वे कौन से प्रकार हैं जिनका कीमत-निर्धारण मासिक औसत खाता दर पर किया जाता है ?
   (a) What are the types of transaction that are priced at monthly averaged ledger rate ? (3 अंक/*Marks*)

   (ख) मानक प्राक्कलन फैक्ट्री प्रबंधन द्वारा किस प्रकार तैयार किए जाते हैं और किस प्रकार लेखा कार्यालय द्वारा उनकी कीमत का निर्धारण किया जाता है ?
   (b) How are standard estimates prepared by Factory Management and priced by Accounts Offices ? (3 अंक/*Marks*)

   (ग) उन कुछ कारणों की संक्षेप में व्याख्या कीजिए जिनके कारण वास्तविक श्रम तथा सामग्री लागत प्राक्कलित लागत से भिन्न होती है ।
   (c) Briefly explain some reason on accounts of which Actual Labour and Material Cost vary from estimated cost. (4 अंक/*Marks*)

6. निम्नलिखित की व्याख्या करें :
   Explain the following :

   (क) प्रारंभिक व्यय
   (a) Preliminary Expenses

   (ख) विकास व्यय
   (b) Development Expenditure

   (ग) आस्थगित राजस्व व्यय
   (c) Deferred Revenue Expenditure

   (घ) अनंतिम भुगतान
   (d) Provisional Payments ( 2.5 × 4 = 10 अंक/*Marks*)

7. (क) आयुध फैक्ट्री प्रबंधन किस आधार पर स्वदेशी/विदेशी स्रोतों से भंडारों की खरीद के लिए प्रस्तावों को प्रारंभ करता है ?
   (a) On What basis the Ordnance Factory Management initiate proposal for purchase of store from indigenous/foreign source ? (3 अंक/*Marks*)

   (ख) निम्नलिखित के संबंध में स्टॉक-धारण का अधिकतम स्तर कितना होना चाहिए :
   (b) What should be the optimum level of stock holding in respect of :

      (i) साधारण स्वदेशी मदें
      Ordinary indigenous items

(ii) मुश्किल स्वदेशी मदें
Difficult indigenous items

(iii) आयातित मदें
Imported items (3 अंक/*Marks*)

(ग) सामग्री योजना शीट तथा भण्डार धारक की असमर्थता शीट की तुलना करें और भेद बताएं ।
(c) Compare & Contrast Material Planning Sheet & Stores Holder Inability Sheets (SHIS). (4 अंक/*Marks*)

8. (क) व्यय की उन किन्हीं पाँच मदों का नाम बताएं जो फैक्ट्री के लागत लेखे में तो प्रकट होती हैं, लेकिन फाइनल लेखे में प्रकट नहीं होती हैं ?
(a) Name any five items of expenditure which are appearing in cost accounts but do not appear in final Accounts of the Factory. (5 अंक/*Marks*)

(ख) व्यय की उन किन्हीं पाँच मदों का नाम बताएं जो फैक्ट्री के वित्तीय लेखे में तो ली जाती हैं, लेकिन लागत खाते में नहीं ली जाती हैं ?
(b) Name any five items of expenditure which are taken into Financial Accounts but not taken in Cost Accounts of the Factory. (5 अंक/*Marks*)

---

MAY 2014



रक्षा लेखा विभाग

**DEFENCE ACCOUNTS DEPARTMENT**

अधीनस्थ लेखा सेवा ( एस. ए. एस. ) परीक्षा—भाग II

**S. A. S. EXAMINATION—PART II**

मई/May, 2014

प्रश्न पत्र VII—सैद्धांतिक ( बिना पुस्तकों के )

**PAPER VII—THEORY (WITHOUT BOOKS)**

विषय : वित्तीय प्रबंधन, एकीकृत वित्तीय सलाह प्रणाली तथा विधि के तत्व

**SUBJECT : FINANCIAL MANAGEMENT, IFA SYSTEM AND ELEMENTS OF LAW**

अनुमत्य समय/*Time Allowed* : 3 घंटे/*Hours* — अधिकतम अंक/*Max. Marks* : 100

**टिप्पणियां/NOTES :**

1. कुल मिलाकर अभ्यर्थियों को 10 प्रश्नों का उत्तर देना है—भाग-I से कुल 6 प्रश्नों में से 4 प्रश्न, भाग-II से 5 प्रश्नों में से 3 प्रश्न तथा भाग-III से 5 प्रश्नों में से 3 प्रश्न ।
In all, candidates are to attempt 10 questions—4 questions out of 6 questions from Section-I, 3 questions out of 5 questions from Section-II and 3 questions out of 5 questions from Section-III.

2. भाग I, II तथा III में प्रत्येक प्रश्न 10 अंकों के हैं ।
Each question in Section-I, II, and III carries 10 marks.

3. प्रत्येक भाग के संबंध में प्रश्न का उत्तर एक ही स्थान पर दिया जाना चाहिए ।
Answers to questions in respect of each Section should be written in one place.

## भाग-I ( वित्तीय प्रबंधन )
## Section-I (Financial Management)

1. (क) स्वीकृति के व्यपगत ( लैप्स ) होने से आप क्या समझते हैं ?
(a) What do you understand by the term lapse of sanction ? (5 अंक/*Marks*)

(ख) सरकार में किन किन प्रकार की हानियों की रिपोर्ट किए जाने की आवश्यकता नहीं है ?
(b) What types of losses in Government need not be reported ? (5 अंक/*Marks*)

2. मंत्रालय अथवा विभाग में किस प्रकार मालों ( गुड्स ) को फालतू, अथवा अप्रचलित अथवा असेवायोग्य घोषित किया जाता है और उसका निपटान किया जाता है ?
How are goods declared surplus or obsolete or unserviceable and disposed off in the Ministry or Department ? (10 अंक/*Marks*)

3. (क) कीमत अंतर धारा ( क्लाज ) को स्पष्ट करें । डी.जी.एस. एण्ड डी. ठेकों के लिए किस प्रकार की कीमत अंतर धाराओं को मानकीकृत किया गया है ?
(a) Explain Price Variation Clause ? What types of Price Variation Clauses have been standardized for DGS&D contracts ? (5 अंक/*Marks*)

(ख) उत्पादन शुल्क किसे कहते हैं ? उसका भुगतान करने के लिए कौन उत्तरदायी हैं ?

(b) What is Excise duty ? Who is responsible to pay the same ?

(5 अंक/*Marks*)

4. क्रेडिट पत्रों के विभिन्न स्वरूप कौन कौन से है, प्रत्येक को स्पष्ट करें ?

What are different forms of Letters of Credit and explain each of them ?

(10 अंक/*Marks*)

5. "परिणामात्मक एकल विक्रेता परिस्थिति" (रेजेल्टेन्ट सिंगिल वेंडर सिचुएशन) किसे कहते हैं ? परिणामात्मक एकल विक्रेता परिस्थिति के अधीन प्रस्ताव पर किस प्रकार कार्रवाई की जाती है ?

What is a "Resultant Single Vendor Situation" and how is the proposal under Resultant Vendor Single Situation to be dealt ?

(10 अंक/*Marks*)

6. दोहराए जाने वाले आदेश धारा (रिपीट आर्डर क्लाज) और उसको नियंत्रित करने वाली शर्तों को स्पष्ट करें । विकल्प धारा और दोहराए जाने वाले आदेश धारा दोनों के अधीन किस सीमा तक आदेश दिए जा सकते हैं ?

Explain Repeat Order clause and the conditions governing it ? To what extent can orders be placed both under Option clause and Repeat order clause ?

(10 अंक/*Marks*)

**भाग-II ( एकीकृत वित्तीय प्रणाली )**

**Section-II (IFA System)**

1. (क) निर्माणकार्यों की प्राधिकृत और विशिष्ट प्रकार की मदें निहित होने वाले प्रस्तावों पर सहमति प्रदान करने के लिए कोरों में एकीकृत वित्तीय सलाहकारों को वित्तीय सीमा कितनी है ?

(a) What are the financial limit of IFAs in Corps to concur the works proposals containing authorised and special item of works ?

(3 अंक/*Marks*)

(ख) क्या एकीकृत वित्तीय सलाहकार वार्षिक बड़े निर्माणकार्य कार्यक्रम में निहित प्रस्ताव को अस्वीकृत कर सकता है ?

(b) Can IFA reject the proposal included in the Annual Major Works Programme (AMWP) ? (3 अंक/*Marks*)

(ग) कमान के एक एकीकृत वित्तीय सलाहकार ने रुपये 480.00 लाख के एक बड़े निर्माणकार्य के प्रस्ताव के सन्निकट प्राक्कलन (एप्राक्सिमेट एस्टिमेट) की पुनरीक्षा की है और आवश्यकता की स्वीकृति प्रदान की है ताकि जी.ओ.सी-इन-सी कमान द्वारा प्रशासनिक अनुमोदन प्रदान किया जा सके । निर्माणकार के प्रस्ताव में रुपये 35.00 लाख की लागत वाले कार्य की विशिष्ट मद सम्मिलित है जो स्वरूप में तकनीकी रूप से आवश्यक है । टिप्पणी करें ।

(c) A Command IFA has vetted AEs and accorded AON to a Major Work proposal costing Rs. 480.00 lakhs for according Admin Approval by the GoC-in-C Command. Work proposal includes special item of work costing Rs. 35.00 lakhs which is technically essential in nature. Comment. (2 अंक/*Marks*)

(घ) क्या सक्षम वित्तीय प्राधिकारियों (थल सेना कमांडर आदि) के द्वारा उपयोग किए जाने वाली आवश्यकता की स्वीकृति और प्रशासनिक अनुमोदन की शक्तियां व्यक्तिगत हैं अथवा क्या उन्हें उनके स्टाफ अफसरों में से किसी को पुनः प्रत्यायोजित किया जा सकता है ?

(d) Whether powers for acceptance of necessity and administrative approval exercisable by the CFAs (Army Commander etc.) are personal or can they be re-delegated to any of their staff officer ?

(2 अंक/*Marks*)

2. (क) किन परिस्थितियों के अधीन थल सेना सेवा कोर (ए एस सी) के ठेकों में विस्तार किया जा सकता है और विस्तार की गई अधिकतम अवधि कितनी है ?

(a) Under what circumstances the Army Service Corp (ASC) contracts can be extended and what is the maximum period of extension ?

(2 अंक/*Marks*)

(ख) उस मामले में जहां ए एस सी ठेके में एक से अधिक टेन्डर प्रेषित करने वालों से प्राप्त दरें समान हैं तो वहां कौन सी क्रियाविधि अपनाई जाएगी ?

(b) What is the procedure to be adopted in case identical rates are obtained from more than one tenderer in ASC contracts ?

(2 अंक/*Marks*)

(ग) आपूर्ति सेवाओं के संदर्भ में केन्द्रीय खरीद मदों के लिए कौन सक्षम प्राधिकारी हैं ? क्या इन्हें स्थानीय रूप से प्राप्त किया जा सकता है और किन परिस्थितियों के अधीन ?

(c) In the context of Supply Services, who is the Competent Authority for Central Purchase Articles ? Can these be procured locally and under what circumstances ? (3 अंक/*Marks*)

(घ) आपूर्ति सेवाओं के ठेके के किस प्रकार में भारत सरकार की स्वीकृति आपेक्षित है ?

(d) In what type of Supply Services Contract, sanction of Government of India is required ? (3 अंक/*Marks*)

3. प्रोविजनिंग शब्द से आप क्या समझते हैं और इसका वायुसेना में क्या महत्व हैं ? प्रोविजनिंग की विभिन्न श्रेणियां कौन-कौन सी हैं ?
What do you understand by term provisioning and its importance in the Air Force ? What are the different categories of the provisioning ? (10 अंक/*Marks*)

4. उन विभिन्न उपशीर्षों का उल्लेख करें जिसके अधीन सूचना प्रौद्योगिकी मदों पर व्यय किया जा सकता है । सूचना प्रौद्योगिकी ग्रांट से कम्प्यूटरों के पेरिफेरलों और एन्सिलिरी उपस्कर की मरम्मतों और रखरखाव से संबंधित प्रस्तावों की परीक्षा करते समय एकीकृत वित्तीय सलाहकारों द्वारा किन किन बिन्दुओं को देखा जाएगा ?
Mention the various subheads under which the expenditure on Information Technology (IT) items can be incurred ? What points are to be observed by IFAs while examining the proposals relating to repairs and maintenances of computers, peripherals and ancillary equipment out of IT grant ? (10 अंक/*Marks*)

5. थल सेना कमांडर विशिष्ट वित्तीय शक्तियां (ए.सी.एस.एफ.पी.) के संदर्भ में कृपया निम्नलिखित को स्पष्ट करें :
In the context of Army Commander Special Financial Powers (ACSFP), please explain the following :

(क) क्या थल सेना कमांडर विशिष्ट वित्तीय शक्तियों को अन्य सक्षम वित्तीय प्राधिकारियों को प्रत्यायोजित किया जा सकता है?

(a) Can the Army Commander Special Financial Powers be delegated to other CFAs ? (3 अंक/*Marks*)

(ख) कृपया उन मदों की सूची बनाएं जिन्हें थल सेना कमांडर विशिष्ट वित्तीय शक्तियों से प्राप्त नहीं किया जा सकता है ।

(b) Please list out the items which cannot be procured out of Army Commander Special Financial Powers. (3 अंक/*Marks*)

(ग) भंडारों को प्राप्त करने के संदर्भ में उत्तरी कमान और पूर्वी कमान के जी.ओ.सी.-इन-सी. की कौन कौन सी विशिष्ट वित्तीय शक्तियां हैं ?

(c) What are Special Financial Powers of GOC-in-C Northern Command & Eastern Command with regard to procurement of stores ? (2 अंक/*Marks*)

(घ) भंडारों की सुपुर्दगी के लिए विस्तार की अधिकतम अवधि क्या है जिसे जी.ओ.सी-इन-सी द्वारा प्रदान किया जा सकता है ?

(d) What is the maximum period of extension that can be granted by GOC-in-C for delivery of stores ? (2 अंक/*Marks*)

## भाग-III (विधि के तत्व)
## Section-III (Elements of Law)

1. व्यावसायिक लोक क्षेत्र के उपक्रमों की लेखापरीक्षा के संबंध में निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणियां लिखे :
Write short notes on following with regards to Audit of Commercial PSUs :

(i) लेखापरीक्षा बोर्ड प्रणाली
Audit Board System

(ii) लेखापरीक्षा रिपोर्ट
Audit Reports (5 + 5 = 10 अंक/*Marks*)

2. (क) आरबिट्रेशन एण्ड कन्सीलिएशन एक्ट, 1996 के संदर्भ में "अन्तर्राष्ट्रीय व्यावसायिक पंचाट" को स्पष्ट करें ।

(a) In accordance with the Arbitration and conciliation Act, 1996, explain "International Commercial Arbitration". (5 अंक/*Marks*)

(ख) किस आधार पर आरबिट्रेटर की नियुक्ति को चुनौती दी जा सकती है ?

(b) On what grounds the appointment of an arbitrator can be challenged ? (5 अंक/*Marks*)

3. (क) वे परिस्थितियां कौन कौन सी हैं जिसके अधीन उस शर्त को सेल आफ गुड्स एक्ट, 1930 के अधीन वारंटी के रूप में माना जा सकता है?

(a) What are the circumstances under which the condition is to be treated as warranty under Sale of Goods Act, 1930 ? (5 अंक/*Marks*)

(ख) सेल आफ गुड्स एक्ट, 1930 के अधीन विवरण के द्वारा विक्रय और नमूने के द्वारा विक्रय के बीच अंतर को स्पष्ट करें।

(b) Explain the difference between sale by description and sale by sample under Sale of Goods Act, 1930. (5 अंक/*Marks*)

4. (क) मिनिमम वेजेस एक्ट, 1946 के अनुसार किन परिस्थितियों के अधीन मजदूरी का भुगतान वस्तु (कांईड) के रूप में किया जा सकता हैं ?

(a) As per Minimum Wages Act, 1946, under what conditions the wages can be paid in kind? (5 अंक/*Marks*)

(ख) एक कर्मकार जो सामान्य कार्य दिवस से कम कार्य करता है उसकी मजदूरी को किस प्रकार विनियमित किया जाएगा ?

(b) How are the wages of a worker who works for less than normal working day regulated ? (5 अंक/*Marks*)

5. (क) किन पर एडमिनिस्ट्रेटिव ट्रिब्यूनल एक्ट, 1985 के प्रावधान लागू नहीं होते हैं ?

(a) To whom the provisions of the Administrative Tribunal Act, 1985 are not applicable ? (5 अंक/*Marks*)

(ख) एडमिनिस्ट्रेटिव ट्रिब्यूनल एक्ट, 1985 के अधीन अवमानना के लिए ट्रिब्यूनल द्वारा दंडित किये जाने के लिए ट्रिब्यूनल की शक्तियां क्या हैं ?

(b) What are the powers of the Tribunal to punish for the contempt under the Administrative Tribunal Act, 1985 ? (5 अंक/*Marks*)

---

MAY 2014

रक्षा लेखा विभाग

**DEFENCE ACCOUNTS DEPARTMENT** 421

अधीनस्थ लेखा सेवा परीक्षा—भाग II

**S. A. S. EXAMINATION—PART II**

मई/MAY, 2014

प्रश्न पत्र VIII—(अर्हक प्रश्न पत्र)

**PAPER VIII—(QUALIFYING PAPER)**

विषय : कार्यालय पत्र-व्यवहार

**SUBJECT : OFFICE COMMUNICATION**

अनुमत्य समय/*Time Allowed* : 3 घंटे/*Hours* अधिकतम अंक/*Max. Marks* : 150

**टिप्पणियां/NOTES :**

1. यह केवल **अर्हक प्रश्न पत्र** है जिसमें एक अभ्यर्थी द्वारा अनिवार्य रूप से 60 अंक प्राप्त करना चाहिए। इस प्रश्न पत्र में प्राप्त अंकों को न तो अन्य प्रश्न पत्रों में प्राप्त कुल अंकों में गिना जाएगा और न ही जोड़ा जाएगा।
*This is a **qualifying paper only** in which a candidate has to compulsorily secure 60 marks. Marks secured in this paper will neither be counted in the aggregate marks nor will be added in total marks secured in other papers.*

2. अभ्यर्थियों द्वारा 6 प्रश्नों में से चार (4) प्रश्नों का उत्तर दिया जाना है।
*Four (4) questions are to be answered by the candidates out of 6 questions.*

3. **प्रश्न संख्या 1 अनिवार्य** है जिसके 40 अंक हैं। शीर्षक और बिंदुओं के सार के लिए क्रमश: 5 और 10 अंक तथा मूल संक्षेपण के लिए 25 अंक आरक्षित हैं।
***Questions No. 1 is compulsory** carrying 40 marks. 5 and 10 marks are reserved for the title and summary of points respectively and 25 marks for precis proper.*

4. **प्रश्न संख्या 2 भी अनिवार्य** हैं जिसके 40 अंक हैं।
***Question No. 2 is also compulsory** carrying 40 marks.*

5. क्रमांक 3 से 6 में दिए गए प्रश्नों में से अभ्यर्थियों को 2 प्रश्नों का उत्तर देना है। प्रत्येक प्रश्न 35 अंक का है जिसका कुल योग 70 अंक है (35 × 2)।
*Candidates are to attempt 2 questions out of questions set at Serial Nos. 3 to 6. Each question carries 35 marks, the total being 70 marks (35 × 2).*

---

1. निम्नलिखित उद्धरण का एक सार तैयार करें। साथ ही एक उपयुक्त शीर्षक भी सुझाएं और बिन्दुओं का सार प्रस्तुत करें :
Write a precis of the following passage. Also suggest a suitable title and give a summary of points :
(40 अंक/*Marks*)

रक्षा मंत्रालय ने रक्षा में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफ.डी.आई.) की वर्तमान 26 प्रतिशत की अनुमत्य सीमा (कैप) से अधिक आगे अनुमत्य-सीमा को बढ़ाने के विचार को एक बार फिर अस्वीकार कर दिया है। यह वाणिज्य मंत्रालय द्वारा प्रस्तुत उस प्रस्ताव का निपटान करता है, जहां अनुमत्य-सीमा को बढ़ा कर 74 प्रतिशत करने का प्रस्ताव किया गया था, यद्यपि सचिव, आर्थिक मामले की अध्यक्षता में गठित एक समिति ने 26 प्रतिशत से बढ़ाकर 49 प्रतिशत करने की एक संतुलित वृद्धि की संस्तुति की थी।

The Ministry of Defence (MoD) has yet again rejected the idea of increasing the cap on Foreign Direct Investment (FDI) in defence beyond the present cap of 26 per cent. It puts paid to the proposal floated by the Ministry of Commerce to increase the cap to 74 per cent, though a committee, headed by the Secretary Economic Affairs, had recommended a more modest increase from 26 per cent to 49 per cent.

ऐसा प्रतीत होता है कि रक्षा मंत्रालय का यह विचार है कि भारत में विदेशी कंपनियों को विनिर्माण करने और सम्मुचय (एसेंबलिंग) करने की सुविधाओं को स्थापित करने की अनुमति प्रदान किए जाने से स्वदेशी डिजाइन और विकास-परक गतिविधियां धीमी हो जाएंगी और आधुनिक शस्त्रों के लिए विदेशी मौलिक उपस्कर विनिर्माणकर्ताओं पर हमारी निर्भरता स्थायी बन जाएंगी । यह तर्क यह मान कर चलता है कि स्वदेशी डिजाइन और विकास-परक गतिविधियां विद्यमान प्रतिबन्धक प्रत्यक्ष विदेशी निवेश व्यवस्था के अधीन भी फलती-फूलती रही हैं अथवा सुधार को प्राप्त करना प्रारंभ कर दिया है और प्रत्यक्ष विदेशी निवेश की अनुमत्य सीमा में किसी भी प्रकार की छूट इन गतिविधियों पर प्रतिकूल प्रभाव डालेगी ।

It seems that the MoD is of the view that allowing foreign companies to set up manufacturing and assembling facilities in India will stymie the growth of indigenous design and development activities and perpetuate our dependence on the foreign original equipment manufacturers (OEMs) for modern weapons. This argument presupposes that indigenous design and development activities have been flourishing, or have started looking up, even under the existing restrictive FDI regime and that any relaxation in the FDI cap will adversely affect these activities.

इस पूर्वानुमान का स्थलगत वास्तविकता से सामंजस्य नहीं होता है । पूंजीगत अभिग्रहण (एक्यूजीशन) के लिए आबंटन में पिछले दस से पन्द्रह वर्षों में महत्वपूर्ण रूप से वृद्धि होती रही है जिसने भारतीय गैर सरकारी उद्योग के लिए अच्छे अवसरों के द्वार खोले हैं, तथापि नए उपस्कर और शस्त्र प्रणाली के शोध, डिजाइन और विकास में अनेक महत्वपूर्ण स्वदेशी उद्‌भव (ब्रेक थ्रू) नहीं हुए हैं । वस्तुत: भारत अब रक्षा सामानों का सबसे बड़ा आयात करने वाला बन गया है । यह इस बात का संकेत करता है कि या तो उद्योग जगत के पास शोध, डिजाइन और विकास में वित्त पोषण करने के लिए वित्तीय क्षमता नहीं है अथवा यद्यपि उसके पास पूंजी तो है किन्तु वह कुछ अन्य कारणों से वित्त पोषण के लिए अनिच्छुक है ।

This presupposition is at odds with the ground reality. The allocation for capital acquisitions had been growing significantly in the last ten to fifteen years, opening up good opportunities for the Indian private industry but there have not been many significant indigenous breakthroughs in research, design and development of new equipment and weapon systems. In fact, India has now become the largest importer of the defence wares. This suggests that either the industry does not have the financial capacity to invest in research, design and development or it has the capital but it is unwilling to invest because of some other reasons.

यदि यह वित्तीय अक्षमता के कारण है, तो वर्तमान सीमा बन्धन (लिमिटेशन) में छूट देने और निवेश को लाने के लिए विदेशी निवेशकर्ताओं के लिए इसे अधिक आकर्षक बनाने के लिए मामला पर्याप्त रूप से प्रभावशाली होगा । किन्तु भारतीय गैर सरकारी उद्योग वस्तुत: धन की कमी के संबंध में शिकायत नहीं कर रहा है । अत: केवलमात्र यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि विकास परक परियोजनाओं में निवेश करने में कुछ 'अन्य कारण' बाधा उत्पन्न कर रहे हैं । ये 'अन्य कारण' क्या हो सकते हैं ?

If it is because of the financial incapacity, the case for relaxing the present limitation and making it more attractive for the foreign investors to bring in the investment would be quite strong. But, the Indian private industry is not really complaining about the paucity of funds. Therefore, the only inference one can draw is that some 'other reasons' are holding it back from investing in developmental projects. What could these 'other reasons' be ?

डिजाइन और विकास परियोजनाओं में सामान्यत: एक लंबी पक्वनावधि (गेस्टेशन) निहित होती है और विफलता का अन्तर्निहित भय बना रहता है । अत: कोई भी ऐसी परियोजनाओं में भारी निवेश करने का जोखिम उस समय तक नहीं उठाएगा जब तक कि स्वदेशी रूप से विकसित करने के लिए अपेक्षित उत्पाद के संबंध में स्पष्टता, ऐसे निवेशों को करने के लिए प्रोत्साहन, जोखिम को कम करने के लिए कुछ साधन और इस प्रक्रिया के माध्यम से विकसित उत्पाद के लिए सुनिश्चित बाजार नहीं होता है ।

Design and Development projects usually entail a long gestation period and there is an inherent risk of failure. Therefore, no one would run the risk of making heavy investment in such projects unless there is clarity about the products required to be developed indigenously, there are incentives for making such investments, there is some mechanism to mitigate the risks and there is an assured market for the product developed through this process.

जून 2013 में रक्षा मंत्रालय द्वारा प्रकाशित तकनीकी संदर्शी एवम् सामर्थ्यता मार्गदर्शिका का कार्य उद्देश्य उद्योग जगत को सशस्त्र सेनाओं की भावी आवश्यकताओं से अवगत कराना है जो विशिष्ट उत्पाद की शर्तों के अधीन न होकर तकनीक विज्ञान और क्षमताओं की शर्तों के अधीन होता है तथापि यह हो सकता है कि उद्योग जगत भावी व्यापार योजनाओं को विकसित करने के उद्देश्य के लिए सूचना को अपर्याप्त पाए । उद्योग जगत से प्रतिपुष्टि (फीड बैक) प्राप्त होने के आधार पर तकनीकी संदर्शी एवम् सामर्थ्यता मार्गदर्शिका को उत्कृष्ट (फाइन-ट्यून) करने की आवश्यकता है । तथा साथ ही प्रोत्साहन पर विचार करने और शोध, डिजाइन और विकास में सन्निहित जोखिम को कम करने की आवश्यकता है । प्रोत्साहन ऐसी परियोजनाओं को हाथ में लेने के लिए निवेशकर्ताओं को इसे आसान बनाने और कर कम करने के रूप में हो सकता है । जोखिम कम करना सरकार द्वारा ऐसी परियोजनाओं के पर्याप्त वित्त-पोषण, किन्तु एक एक्जिट क्लाज़ के साथ, के रूप में हो सकता है ।

The Technology Perspective and Capability Roadmap 2013 released by the MoD in June 2013 aims at making the future requirements of the armed forces known to the industry in terms of the technologies and capabilities rather than specific products but the industry might find the information inadequate for the purpose of developing future business plans. There is a need to fine-tune the TPCR on the basis of the feedback from the industry. There is also a need to consider incentives and mitigating the risk involved in making investment in research, design and development. The incentives could come in the form of making it easy for the investors to undertake such projects and tax breaks. The risk mitigation could come in the form of substantial funding of such projects by the government, but with an exit clause.

ये तुलनात्मक दृष्टि से सरल कदम हैं, कठिन पक्ष है उत्पाद के लिए एक बाजार को सुनिश्चित करना । यह एक बृहत्तर महत्व की कल्पना करता है, जहां सशस्त्र सेनाओं की अनुमानित मांग एक परियोजना को वाणिज्यिक रूप से क्षमतावान बनाने के लिए पर्याप्त नहीं है । यह एक निर्यात-नीति के निर्माण की मांग करता है ।

These are comparatively easy steps; the difficult part is assuring a market for the product. It assumes a greater significance where the anticipated demand of the armed forces is not enough to make a project commercially viable. This calls for formulation of an export policy.

रक्षा उत्पादों के लिए निर्यात-नीति का बनाया जाना आसान नहीं होने वाला है । हो सकता है कि द्वि-उपयोगी मदों के निर्यात के लिए अनुमति देना अधिक दुविधा न उत्पन्न करें किन्तु सैन्य हार्डवेयर/साफ्टवेयर के निर्यात की अनुमति प्रदान करने के लिए एक नीति-निर्धारित करना कठिन हो सकता है । प्रभावी बाजारों को खोजना उससे भी ज्यादा चुनौतीपूर्ण होगा ।

It is not going to be easy to make an export policy for defence products. Permitting export of dual-use items may not pose much of a dilemma but evolving a policy for permitting export of military hardware/software could be difficult. Discovering potential markets would be an even greater challenge.

बहरहाल, भारतीय उद्योग जगत के लिए उन उत्पादों को पूर्णत: स्वदेशी शोध, डिजाइन और विकास के माध्यम से निर्मित करने में बहुत अधिक लंबा समय लगेगा, जो उत्पाद तकनीकी रूप से श्रेष्ठतर होंगे अथवा यहां तक कि क्षेत्र में कार्यरत सुस्थापित उद्यमियों के द्वारा प्रदान किए जाने वाले उत्पादों की बराबरी ही कर सकेंगे । यह अतिरिक्त अनुमान लगाना भी कठिन है कि क्या भारतीय उत्पाद, जो भले ही विश्व के सर्वोत्तम उत्पादों के साथ तकनीकी दृष्टि से तुलना करने के योग्य हों फिर भी वे कीमत की दृष्टि से विदेशी मौलिक उपस्कर विनिर्माणकर्ताओं (ओ.ई.एम्स.) के ऊपर श्रेष्ठता रखेंगे ।

In any case, it will take a long, long time for the Indian Industry to make products through entirely indigenous research, design and development that would be technologically superior, or even equal, to what the established players in the field have to offer. It is also difficult to second-guess whether the Indian product, even if technologically comparable with the best in the world, will have an edge over products offered by foreign OEMs, in terms of price.

यह मानते हुए कि तकनीकी संदर्शी एवम् सामर्थ्यता मार्गदर्शिका में निहित सूचना भारतीय उद्योग जगत के लिए भविष्य की परियोजनाओं को प्रारंभ करने के लिए पर्याप्त है तथापि ऐसी परियोजनाओं के लिए वित्त पोषण एक समस्या हो सकती है । वर्तमान में ऐसी परियोजनाओं को वित्त पोषित करने की कोई योजना नहीं है और इसके लिए कोई कर-रियायत अथवा अन्य प्रोत्साहन नहीं है । (सरकार द्वारा 80 प्रतिशत की सीमा तक 'मेक' परियोजनाओं को वित्त पोषित करने का प्रावधान ग्रीन-फील्ड अनुसंधान डिजाइन और विकास परियोजनाओं को कवर नहीं करेगा जो सशस्त्र सेनाओं की किसी विशिष्ट मांग से संबंधित नहीं है ।)

Assuming that the information contained in the TPCR is enough for the Indian industry to start planning future projects, funding of such projects could be an issue. Presently, there are no schemes for funding of such projects and there are no tax breaks or other incentives. (The provision for funding of 'Make' projects by the government to the extent of 80 per cent would not cover green field research, design and development projects, unrelated to any specific demand of the armed forces.)

प्रेस रिपोर्ट इस बात को प्रकट करती है कि रक्षा मंत्रालय मामले-मामले के आधार पर सुरक्षा पर मंत्रिमंडलीय समिति के अनुमोदन से प्रत्यक्ष विदेशी निवेश की अनुमत्य-सीमा (कैप) में छूट देने के लिए तैयार है बशर्ते कि इससे विदेशी कंपनियों की उच्च गुणवत्तापूर्ण तकनीक में पहुंचने का मार्ग प्रशस्त हो सके। किन्तु यदि पिछले अनुभव को आधार माना जाय तो ऐसा घटित होना संभव नहीं है मुख्यत: इसलिए क्योंकि नीति के क्षेत्र में सुस्पष्टता का अभाव है। उदाहरण के लिए यदि विदेशी विक्रेता तकनीक को समामेलित (एब्ज़ार्ब) करने के लिए पूर्ण स्वामित्व वाली एक सहायक अंग (सब्सिडियरी) की स्थापना करना चाहता है तो क्या रक्षा मंत्रालय प्रत्यक्ष विदेशी निवेश की अनुमत्य-सीमा में छूट प्रदान करने का इच्छुक होगा ? ऐसे अनेक मामलों के उत्पन्न होने की संभावना है। मामले-मामले के आधार पर निर्णय लिए जाने की अपेक्षा यह आवश्यक है कि पारदर्शिता के लिए प्रत्यक्ष विदेशी निवेश की अनुमत्य-सीमा में छूट देने के लिए एक सुस्पष्ट नीति का सृजन किया जाय।

The Press Reports suggest that the MoD would be willing to relax the FDI cap with the approval of the Cabinet Committee on Security (CCS) on a case-to-case basis if it result in access to the state-of-the-art technology from the foreign companies. But, if the past experience is any guide, this is unlikely to happen, primarily because of lack of clarity on the policy front. For example, would the MoD be willing to relax the FDI cap if the foreign vendor wants to set up a wholly owned subsidiary for absorbing the technology? Many such issues are likely to come up. A comprehensive policy needs to be evolved for relaxation of the FDI cap for the sake of transparency, rather than the decision being taken on a case-to-case basis.

प्रत्यक्ष विदेशी निवेश पूंजी के हस्तान्तरण की मात्र एक सामान्य बात नहीं है। यह अपने साथ देश में तकनीक ला सकता है, आर्थिक गति-विधियों को जन्म दे सकता है, रोजगार के अवसर उत्पन्न कर सकता है, और कुशल मानव शक्ति के समूह को निर्मित कर सकता है। ये ऐसे साधन हैं जो स्वदेशी ग्रीन-फील्ड शोध, डिजाइन और विकास-परक परियोजनाओं को प्रारम्भ करने के लिए अपेक्षित हैं।

The foreign direct investment is not just a simple transfer of capital. It could bring along with it technology, spawn economic activity in the country, generate employment and create a pool of skilled manpower. These are the very resources that are required to kick start indigenous green field research, design and development projects.

कुछ सीमा तक प्रत्यक्ष विदेशी निवेश के साथ जो विद्यमान 26 प्रतिशत की सीमा से उच्चतर है, भारत में स्थापित संयुक्त उद्यम पर निर्भरता, आयातों पर निर्भरता की तुलना में अधिक नुकसानदेय नहीं हो सकती है। यदि कुछ भी नहीं तो भी यह बहुमूल्य विदेशी विनिमय की बचत करेगा। यदि अन्य क्षेत्रों में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश की उच्चतर सीमा ने उन क्षेत्रों में स्वदेशी उद्योग जगत के विकास को धीमा नहीं किया है तो इस बात की संभावना कम है कि प्रत्यक्ष विदेशी निवेश की अनुमत्य-सीमा को बढ़ाने का प्रभाव रक्षा उद्योग के लिए अत्यधिक भिन्न होगा।

In the short run, dependence on joint ventures set up in India with FDI that is higher than the existing limit of 26 per cent cannot be more harmful and risky than dependence on imports. If nothing else, it will save precious foreign exchange. If higher limits of FDI in other fields have not stymied the growth of the indigenous industry in those areas, it is unlikely that the impact of increasing the FDI cap would be very different for the defence industry.

तथापि रक्षा में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश में वृद्धि करने के लिए यह कोई तर्क नहीं है। निश्चित रूप से यह तर्क है कि प्रत्यक्ष विदेशी निवेश की अनुमत्य-सीमा में छूट प्रदान करने के सम्बन्ध में संशय, तथा साथ ही यह आशा करना कि भारतीय रक्षा उद्योग में होने वाली सभी बीमारियों को उच्चतर प्रत्यक्ष विदेशी निवेश ठीक कर देगा, वह हो सकता है उचित न हो। यदि प्रत्यक्ष विदेशी निवेश में वृद्धि करते हुए गैर सरकारी उद्योग के द्वारा स्वदेशी उत्पादन के माध्यम से रक्षा आवश्यकता की पूर्ति की जानी है तो यह संभव है कि वह उतना कारगार न सिद्ध हो सके जितना कि अन्य विषय जैसे वे विषय जिनका संबंध लाइसेंस दिए जाने, कर लगाए जाने, प्रोत्साहन देने, वित्त पोषित करने, सुनिश्चित बाजार, निर्यात–जो उल्लेख करने के लिए कुछ नाम है, पर ध्यान दिए जाने की आवश्यकता है।

But this is not a plea for increasing the FDI in defence. The argument essentially is that some of the skepticism about relaxing the FDI cap, as well as the expectation that higher FDI would cure all ills besetting the Indian defence industry, might be misplaced. If the defence needs are to be met through indigenous production by the private industry, increasing the FDI cap may not be as material as the need to address other concerns such as those related to licensing, taxation, incentives, funding, assured market, exports—just to name a few.

2. विषय पर कार्यरत सहायक लेखा अधिकारी के रूप में आप नीचे उल्लिखित तथ्यों के आधार पर एक प्रति-शपथपत्र (काउंटर एफिडेविट) का एक मसौदा तैयार करे जिस पर रक्षा लेखा नियंत्रक, रिज रोड, जबलपुर कार्यालय के श्री वाई, रक्षा लेखा उप नियंत्रक (प्रशासन) द्वारा हस्ताक्षर किया जाना है :
As the dealing AAO, please prepare a draft Counter Affidavit to be signed by Mr. Y, Dy CDA (Admin), Office of CDA, Ridge Road, Jabalpur, based on the facts of the case mentioned below :

**मामले का तथ्य**
**Facts of the case**

श्री एक्स की नियुक्ति लेखापरीक्षक के रूप में दिनांक 02-10-1973 को हुई थी । लेखांकन संगठन के कैडर पुनर्गठन पर उसे दिनांक 01-04-1987 को वरिष्ठ लेखापरीक्षक के पद पर अपग्रेड कर दिया गया था ।
Shri X was appointed as Auditor on 02-10-1973. On cadre restructuring of accounting organization, he was upgraded to the post of Senior Auditor on 01-04-1987.

दिनांक 09-08-1999 को रक्षा लेखा महानियंत्रक ने सभी नियंत्रकों को एक महत्वपूर्ण परिपत्र संख्या ए एन/XVI/16401/सुप ए/सी/2002 दिनांक 04-03-2002 जारी किया, जो विभाग के उन वरिष्ठ लेखापरीक्षकों के लिए पर्यवेक्षक (लेखा) ग्रेड परीक्षा को आयोजित किए जाने के संबंध में था जिनकी लेखापरीक्षा ग्रेड में नियुक्ति/पदोन्नति की तारीख 31-12-1980 तक और उस तारीख समेत हुई थी, जिसका आयोजन रक्षा लेखा विभाग में पर्यवेक्षक (लेखा) के ग्रेड में पदोन्नति के लिए दिनांक 29 अप्रैल, 2002 को किया जाना है । उसमें यह कहा गया था कि अनुभाग अधिकारी (लेखा) के ग्रेड में कुल पदों की संख्या का 15% को पर्यवेक्षक (लेखा) ग्रेड के द्वारा भरा जाना है जो इस शर्त के अधीन होगा कि उद्देश्य के लिए की जाने वाली विभागीय परीक्षा में कर्मचारीगण अर्हता प्राप्त करते हैं । इसके साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया था कि जो इस परीक्षा में अर्हता प्राप्त करेंगे वे परीक्षा की प्रभावी तारीख से सुनिश्चित कैरियर उन्नयन योजना (ए सी पी योजना) के अधीन द्वितीय वित्तीय ग्रेड उन्नयन के ग्रांट के पात्र होंगे बशर्ते कि उसमें निहित अन्य शर्तों को वे पूरा करते हों ।
On 09-08-1999 CGDA issued a confidential Important Circular No. AN/XVI/16401/Sup. A/c/2002, dated 04-03-2002 to all Controllers regarding conduct of Supervisor (Accounts) Grade Examination for Sr. Auditors of the Department whose date of appointment/promotion in Auditor grade was upto and inclusive of 31-12-1980 for promotion to the grade of Supervisor (Accounts) in DAD to be held on 29th April, 2002. It was stated therein that 15% of the total number of posts in the grade of Section Officer (A/cs) are to be filled up by the Supervisor (Accounts) Grade, subject to the employees qualifying in the Departmental Examination conducted for the purpose. Further, it was clarified that those who qualify this examination would be eligible for grant of 2nd financial upgradation under the Assured Career Progression Scheme (ACP Scheme) w.e.f. the date of the examination subject to the fulfilment of other conditions contained therein.

परीक्षा देश में स्थित सभी रक्षा लेखा विभाग के कार्यालयों के लिए रक्षा लेखा महानियंत्रक नई दिल्ली द्वारा दिनांक 29-4-2002 को आयोजित की जानी थी । रक्षा लेखा महानियंत्रक द्वारा यथानिर्देशित, इच्छुक अभ्यर्थियों के नाम बोर्ड कार्यवाहियों के साथ रक्षा लेखा महानियंत्रक कार्यालय को दिनांक 26-3-2002 तक भेजा जाना था ।
The exam was scheduled to be held on 29-04-2002 by the CGDA, New Delhi for all the DAD offices in the country. As directed by the CGDA, names of the willing candidates along with Board Proceedings were to be forwarded to the CGDA Office latest by 26-03-2002.

रक्षा लेखा नियंत्रक, जबलपुर कार्यालय ने अपने परिपत्र संख्या ए एन/II/1213/एस जी ई/4/2002 दिनांक 7-3-2002 के द्वारा अपने सभी उप-कार्यालयों [वेतन लेखा कार्यालय (अन्य रैंक), द गार्ड्स काम्प्टी समेत] से यह निवेदन किया कि वे दिनांक 19-3-2002 तक इच्छुक अभ्यर्थियों के नाम अग्रेसित करें ताकि वह बार्ड कार्यवाहियों को आयोजित करने में समर्थ हो सके और दिनांक 26-3-2002 तक रक्षा लेखा महानियंत्रक, नई दिल्ली को एक समेकित रिपोर्ट भेज सके । समुचित नियंत्रण प्राधिकारियों द्वारा यथा निर्धारित समय-सीमा के कड़ाई से अनुपालन के संबंध में परिपत्र में ही अवगत करा दिया गया था ।
Office of CDA Jabalpur, vide their circular No. AN/II/1213/SGE/4/2002 dated 07-03-2002 requested all its sub-offices [including PAO (ORs) The Guards Kamptee] to forward the names of the willing candidates by 19-03-2002 to enable it to convene the Board Proceedings and send a consolidated report to the CGDA, New Delhi latest by 26-03-2002. Strict adherence to the time limit as laid down by the appropriate Controlling authorities was made known to all in the circular itself.

तदनुसार वेतन लेखा कार्यालय (अन्य रैंक), द गार्ड्स, काम्पटी ने सभी पात्र स्टाफ सदस्यों के द्वारा नोट किये जाने के लिए एक परिपत्र जारी किया जो परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए इच्छुक थे और एक समेकित रिपोर्ट रक्षा लेखा नियंत्रक, जबलपुर को दिनांक 15-3-2002 को प्रेषित की।

Accordingly, PAO (ORs) The Guards, Kampttee issued a circular for noting by all eligible staff members who were desirous of appearing in the examination and submitted consolidated report to CDA, Jabalpur on 15-03-2002.

श्री 'एक्स' ने देय तिथि तक निर्धारित प्रोफार्मा में अपनी इच्छा प्रस्तुत नहीं की किन्तु दिनांक 23-3-2002 को एक प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया जिसको रक्षा लेखा नियंत्रक, जबलपुर को अग्रेसित किया गया था। रक्षा लेखा नियंत्रक, जबलपुर ने सूचित किया कि श्री 'एक्स' द्वारा यह प्रार्थना की उसका नाम रक्षा लेखा महानियंत्रक को अग्रेसित किया जाए, उस पर इस विलंबित स्टेज में विचार नहीं किया जा सकता है।

Shri 'X' did not submit his willigness in the prescribed proforma by the due date but submitted an application on 23-3-2002 which was forwarded to CDA, Jabalpur. CDA, Jabalpur intimated that the request of Shri 'X' to forward his name to the CGDA, New Delhi cannot be considered at a belated stage.

रक्षा लेखा नियंत्रक, जबलपुर के इस निर्णय के विरुद्ध श्री एक्स ने केन्द्रीय प्रशासनिक पंचाट (सी ए टी), मुम्बई की नागपुर शाखा में एक ओ ए संख्या 2100 आफ 2009 फाइल किया जिसमें रक्षा लेखा नियंत्रक, जबलपुर की उस कारवाई को चुनौती दी गई थी जहां उसे दिनांक 29-4-2002 को संपन्न पर्यवेक्षक (लेखा) ग्रेड परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति नहीं दी गई थी। सचिव, रक्षा मंत्रालय, रक्षा लेखा महानियंत्रक, नई दिल्ली, रक्षा लेखा नियंत्रक, जबलपुर, और रक्षा लेखा सहायक नियंत्रक प्रभारी, वेतन लेखा कार्यालय (अन्य रैंक), द गार्ड्स काम्पटी, जिला नागपुर को प्रत्यार्थी (रिस्पान्डेंट) के रूप में उल्लेख किया गया था।

Against this decision of CDA Jabalpur, Shri X filed an O.A. No. 2100 of 2009 in CAT, Mumbai bench in Nagpur challenging the action of the CDA, Jabalpur for not allowing him to appear in the Supervisor (Accounts) Grade Examination held on 29-04-2002. Secretary, Ministry of Defence; Controller General of Defence Accounts, New Delhi; CDA, Jabalpur; and Assistant Controller of Defence Accounts-in-Charge, Pay and Accounts Office (ORs), The Guards, Kamptee, Distt. Nagpur, were cited as respondents.

(40 अंक/*Marks*)

---

3. कर्नल 'एक्स' के दिनांक 28 फरवरी, 2013 के अर्ध-सरकारी पत्र के प्रत्युत्तर में अपर नियंत्रक द्वारा जारी किए जाने वाले एक अर्ध-सरकारी पत्र का मसौदा तैयार करें जिसमें मामले के निम्नलिखित तथ्यों और नियम की स्थिति के आधार पर रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक (अफसर) की स्थिति को दोहराया जाय।

Draft a DO letter from the Addl. Controller to Colonel X, in response to his DO. letter dated 28th February, 2013, reiterating the position of the office of PCDA (O), based on the following facts of the case and Rule Position.

**नियम प्रावधान**
**Rule Provision**

अर्हता ग्रांट केवल उस अधिसूचित कोर्स के लिए स्वीकार्य है, जिसके लिए अफसर को लगाया जाता है अथवा जिसके लिए उसे अध्ययनार्थ छुट्टी स्वीकृत की जाती है। कोई अन्य कोर्स जो अफसर स्वयमेव करता है (जो सी.ओ./सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन के साथ अथवा अनुमोदन के बिना करता है) वह उसे अर्हता ग्रांट के लिए हकदार नहीं बनाता है।

Qualification Grant is admissible only for the notified course an officer is detailed on or is sanctioned study leave for. Any other course the officer may do on his own (with or without the approval of the CO/competent authority) does not entitle him for Qualification Grant.

**प्राधिकार :** ए.डी.जी.पी.एस एजीएस शाखा, थल सेना मुख्यालय पत्रांक बी/26254/पीक्यूजी/एजी/पी एस-3(ए) दिनांक 09 जनवरी 2006।

**Auth :** ADGPS AG's Branch, AHQ letter No. B/26254/PQG/AG/PS-3(a) dated 09 Jan. 2006.

वे कोर्स जिसके लिए भारतीय थल सेना के अफसरों को अर्हता ग्रांट देय है, उन्हें 'डी' 5/एस/76 के परिशिष्ट 'ए' में, थल सेना मुख्यालय पत्रांक ए/63088/जी एस/एम टी-10 दिनांक 26 नवम्बर, 2001 के परिशिष्ट 'ए' में, और थल सेना मुख्यालय के पत्रांक बी/26254/पीक्यूजी/एजी/पीएस-3(ए) दिनांक 09-01-06 में अधिसूचित किया गया है ।
The courses for which Qualification Grant is payable to officers of the Indian Army are notified in Appendix 'A' of 'D' 5/S/76, Appendix 'A' to Army HQ letter No. A/63088/GS/MT-10 dated 26 November 2001, and in AHQ letter No. B/26254/PQG/AG/PS-3(a) dated 09-01-06.

**मामले के तथ्य :**
**Facts of the Case :**

मुख्यालय 33 आर्टिलरी ब्रिगेड के कर्नल 'एक्स' के संबंध में अर्हता ग्रांट को ग्रांट करने के लिए मामले का परीक्षण रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक (अफसर) में किया गया था और निम्नलिखित को नोट किया गया था :
The case for grant of Qualification Grant in respect of Col X of Headquarters 33 Arty Bde was examined in Pr CDA (O) and the following was noted :

(क) एम.बी.ए. थल सेना मुख्यालय के पत्रांक ए/63088/जी एस/एम.टी.-10 दिनांक 26 नवम्बर, 2001 के परिशिष्ट ए के क्रमांक 8 में सूचीबद्ध है ।
(a) MBA is listed under serial No. 8 of Appendix 'A' to Army HQ letter No. A/63088/GS/MT-10 dated 26 November, 2001.

(ख) अफसर ने दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से कोर्स को पूर्ण किया तथापि उसे न तो कोर्स के लिए लगाया गया था और न ही उसे उसके लिए अध्ययनार्थ छुट्टी प्रदान की गई थी ।
(b) The officer completed the course through Distance Education. He was however, not detailed for the course nor was he granted Study Leave for the same.

दावे को उपर्युक्त (ख) और उपर्युक्त उद्धरित एडीजीपीएसएजीएस की शाखा थलसेना मुख्यालय पत्रांक बी/26254/पीक्यूजी/एजी/पीएस-3(ए) दिनांक 09 जनवरी 06 के कारण स्वीकार नहीं किया गया था ।
The claim was not accepted due to (b) above and the provisons of ADGPS AG's Branch, AHQ letter No. B/26254/PQG/AG/PS-3(a) dated 09 Jan. 06 quoted above.

एडीजीपीएस थल सेना मुख्यालय ने अपने पत्रांक 26254/पीक्यूजी/एजी/पी एस 3(ए) दिनांक 09 जनवरी 2013 के द्वारा रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक (अफसर) से यह प्रार्थना की कि वे अपनी लेखा टिप्पणी की समीक्षा करें और दावे पर विचार करें क्योंकि अफसर को कोर्स के लिए एडीजीपीएसएजीएस की शाखा, थल सेना मुख्यालय के दिनांक 9 जनवरी 2006 के जारी होने के पूर्व एनरोल किया गया था।
ADGPS AHQ, vide their letter No. 26254/PQG/AG/PS-3(a) dated 09 January, 2013, requested PCDA(O) to review their observation and consider the claim as the officer had enrolled for the course before issue of ADGPS AG's Branch Army HQ letter dated 9 Jan 2006.

अफसर ने रक्षा लेखा अपर नियंत्रक, कार्यालय रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक (अफसर) को एक अर्ध-सरकारी पत्र संख्या एबीसीडी/1234 दिनांक 09 फरवरी, 2013 को लिखा जिसमें उसने थल सेना के दिनांक 9 जनवरी, 2013 के पत्र के आलोक में दावे को स्वीकार करने की प्रार्थना की ।
The officer wrote a DO. letter No. ABCD/1234 dated 9th February, 2013 to Addl. CDA, O/o Pr CDA (O) asking for admitting his claim for Qualification Grant in the light of AHQ letter dated 9 January, 2013.

(35 अंक/*Marks*)

4. रक्षा वित्तीय प्रबंधन की राष्ट्रीय अकादमी, पुणे, अकादमी से हाल में हुए स्थानांतरणों के कारण फैक्ल्टी की अत्याधिक कमी का सामना कर रहा है। अक्टूबर और दिसंबर 2012 क्रमशः में फैकल्टी के रूप में कार्यरत दो वरिष्ठ लेखा अधिकारी स्टेशन की वरीयता के आधार पर बाहर तैनात कर दिए गए थे। फैकल्टी के रूप में कार्यरत एक सहायक लेखा अधिकारी ने रक्षा लेखा महानियंत्रक के परिपत्र जिसमें जम्मू के लिए इच्छुक व्यक्तियों के लिए नाम मांगा गया था के प्रत्युत्तर में जम्मू में तैनाती के लिए विकल्प दिया और उसे वहां जनवरी 2013 में तैनात कर दिया गया था। एक महिला लेखापरीक्षक जो फैकल्टी के सपोर्ट स्टाफ के रूप में कार्यरत है वह व्यक्तिगत आधार पर जून 2013 में मुम्बई तैनात कर दी गई थी। श्रीमती वाई वाई, रक्षा लेखा सहायक नियंत्रक भी एक महीने के समय के भीतर सुपरानुएशन पर जाने वाली है।

The National Academy of Defence Financial Management (NADFM) Pune is facing an acute shortage of faculty due to recent transfers out of the Academy. Two Senior Accounts Officers working as faculty were posted out on grounds of station seniority, in October and December 2012, respectively. One AAO working as faculty opted for posting to Jammu by responding to CGDA's circular calling for volunteers for Jammu and was posted there in January 2013. One lady Auditor working as support staff to faculty was posted to Mumbai on personal grounds in June 2013. Smt. YY, ACDA is also on the verge of superannuation with in a month's time.

अनुमोदित प्रशिक्षण कलैंडर के अनुसर नियमित इन सर्विस ट्रेनिंग कार्यक्रम के अलावा रक्षा वित्तीय प्रबंधन की राष्ट्रीय अकादमी को भारतीय रक्षा लेखा सेवा के उन पर्यवेक्षाधीन अफसरों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन करना है जो 1 जुलाई 2014 को रक्षा वित्तीय प्रबंधन की राष्ट्रीय अकादमी को प्रशिक्षण हेतु ज्वाइन करेंगे।

Apart from regular in-service training programmes as per approved training calendar, NADFM is to also conduct training for IDAS Probationers who are to join NADFM for training on 1st July 2014.

रक्षा वित्तीय प्रबंधन की राष्ट्रीय अकादमी की फैकल्टी के लिए चयन हेतु स्क्रीनिंग समिति की संस्तुतियों को मुख्यालय कार्यालय को दिनांक 11 अप्रैल, 2013 को अग्रेषित कर दिया गया था।

The recommendations of the screening committee for selection to faculty positions at NADFM were forwarded to Hqrs office on 11th April, 2013.

रक्षा वित्तीय प्रबंधन की राष्ट्रीय अकादमी ने दिनांक 15 जून, 2013 को फैकल्टी और स्टाफ की शीघ्र तैनाती की प्रार्थना हेतु मुख्यालय कार्यालय को पत्र लिखा था।

NADFM wrote to Hqrs office on 15th June, 2013 requesting for early posting of faculty and staff.

रक्षा लेखा संयुक्त महानियंत्रक (प्रशासन) को संबोधित और रक्षा लेखा नियंत्रक (प्रशिक्षण) पुणे द्वारा जारी किए जाने वाले एक अर्ध-सरकारी पत्र का मसौदा तैयार करें जिससे फैकल्टी/स्टाफ की अत्याधिक कमी को प्रकाश में लाया जाए और स्क्रीनिंग समिति द्वारा संस्तुत अभ्यर्थियों में से रक्षा वित्तीय प्रबंधन की राष्ट्रीय अकादमी पुणे में फैकल्टी की नियुक्ति वरीयता के आधार पर किए जाने की प्रार्थना की जाए।

Draft a DO letter from the CDA (Training) Pune to Jt. CGDA (Admin) highlighting the acute shortage of faculty/staff and requesting for the posting of faculty to NADFM Pune on priority, from among the candidates recommended by the screening committee. (35 अंक/*Marks*).

---

5. निम्नलिखित दिए गए मामले के तथ्यों के आधार पर एक सहायक लेखा अधिकारी (प्रशासन) के रूप में एक कार्यालय नोट का मसौदा तैयार करें जिसमें श्री एक्स द्वारा उजागर किए गए तथ्यों, के संदर्भ में की गयी उनकी प्रार्थना, रक्षा लेखा नियंत्रक (थलसेना) मेरठ के संगठन के भीतर स्थानांतरण नीति और क्या व्यक्तिगत आधार पर अथवा स्वास्थ्य के आधार पर किसी छूट पर विचार किया जा सकता है, का विश्लेषण किया जाए।

Based on the facts of the case given below, as AAO (AN), draft an Office Note analysing the submission of Shri X with reference to the facts brought out by him, the transfer policy within the organisation of CDA (Army), Meerut and whether any exemption on personal or health ground can be considered.

श्री एक्स रक्षा लेखा नियंत्रक (थलसेना) के कार्यालय में 01-04-1968 में एक लेखापरीक्षक के रूप में नियुक्त हुआ था। उसे दिनांक 22-02-1972 को रक्षा लेखा नियंत्रक (थल सेना) मेरठ के एक उप कार्यालय, सहायक लेखा अधिकारी जी ई, रानीखेत को स्थानांतरित कर दिया गया था। उसे दिनांक 03-04-1974 को मेरठ में मुख्य कार्यालय में वापस तैनात कर दिया गया था। दिनांक 28-08-1995 को उसे स्थानांतरण के लिए 3 मनपसंद के स्टेशनों का उल्लेख करने के लिए एक एलर्ट नोटिस दिया गया था।

